www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–274 । सागर, शनिवार, 25 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

राज्य स्तरीय अधिकारियों ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की ली बैठक पृष्ठ 2

▪ इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश
▪ पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य पृष्ठ 4

▪ शहर में डेंगू के मरीज का आंकड़ा पहुंचा 95 के पार पृष्ठ 6

संभागायुक्त ने पुलिस महानिरीक्षक के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा पृष्ठ 8

### ऑगर मशीन के रास्ते में आया स्टील पाइप, काटकर बाहर निकाला

# उत्तरकाशी में कम नहीं हो रहीं बाधाएं



▪ सुरंग में फंसे मजदूरों के जल्द बाहर निकलने का सभी को इंतजार
▪ 12 नवम्बर से सुरंग में फंसे हैं 41 मजदूर

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए ड्रिलिंग कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन के सामने फिर बाधा आ गई। शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे मशीन से करीब 24 घंटे बाद फिर ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन फिर ऑगर के आगे सरिया व लोहे के पाइप आ गए हैं। सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों के बाहर निकलने का सभी को इंतजार है। काम लगातार जारी है, यह इंतजार जल्द खत्म हो सकता है।

एक छोटी सी बाधा ने इंतजार का समय और बढ़ाने का काम किया है। बताया जा रहा है कि 800 एमएम व्यास के ह्यूम पाइप्स मजदूरों तक पहुंचने के बेहद करीब थे, लेकिन मलबे में मोटी सरिया के ऑगर मशीन कटर पर अटकने से पुर्जे ही टूट गए। ऐसे में अंदर टेक्निकल दिक्कतों को दूर करने के लिए रातों रात दिल्ली से हेली की मदद लेकर एक्सपर्ट बुलाने पड़े और एनडीआरएफ, एसडीआरडीएफ सहित टीएचडीसी के इंजीनियरों की भी मदद ली गई। गुरुवार को दोपहर में रेस्क्यू कार्य फिर शुरु हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि देर शाम या शुक्रवार तक सभी बाहर आ जाएंगे, लेकिन फिलहाल सुरंग के अंदर से रेस्क्यू कार्य को लेकर कोई खुशखबरी सामने अब तक नहीं आई है। हालांकि, अधिकारियों और विशेषज्ञों का दावा है कि फिर से छोटी बाधाएं नहीं आती आती है, तो मजदूरों की निकासी किसी भी पल संभव है। इसी पल के इंतजार में सीएम पुष्कर सिंह धामी मातली में कैंप बनाकर डेरा जमाए हुए हैं। साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी बीते रोज से इसी क्षेत्र में जमे हैं।


आखिरी वक्त पत्रकारों को जानकारी देते हुए रेस्क्यू नोडल अफसर व उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ नीरज खैरवाल ने बताया कि 45 मीटर तक ह्यूम पाइप पुश किए जाने के बाद बाधा उत्पन्न हो गई थी और रेस्क्यू निरंतर जारी है। हालांकि इसके बाद से कोई आधिकारिक बयान अब तक रेस्क्यू को लेकर सामने नहीं आया है। देखा जाए तो मजदूरों की चिंता इस वक्त परिजनों ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया को भी है। यही वजह है कि यहां विदेशी मीडिया भी डेरा डालकर सुरंग में चल रहे रेस्क्यू के पल पल की अपडेट ले रहा है।

### श्रमिकों को लेकर प्रधानमंत्री ने ली जानकारी

सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद संवेदनशील हैं। मोदी रोजाना सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को फोन कर अपडेट ले रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत में प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य में उत्पन्न होने वाली बाधा और रुकावट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस्पात से बनी वस्तुओं के ऑगर मशीन के सामने आने पर कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में ऑगर मशीन को रोककर और फिर उसे बाहर निकालकर सभी अवरोधों को श्रमिकों द्वारा दूर किया जा रहा है, जिसके कारण इस प्रक्रिया में समय लग रहा है। धामी को इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशेष निर्देश दिए कि जब श्रमिक टनल से बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

## सार-समाचार

### बॉलीवुड फिल्मकार राज कुमार कोहली का निधन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राज कुमार कोहली का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि राजकुमार कोहली शुक्रवार सुबह नहाने केलिए बाथरूम गए थे, लेकिन बहुत देर तक वह बाहर नहीं निकले। इसके बाद उनके बेटे अरमान कोहली ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया और फिर पिता को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राजकुमार कोहली का जन्म वर्ष 1930 में लाहौर में हुआ था। राजकुमार कोहली ने अपने सिने करियर की शुरुआत बतौर निर्माता वर्ष 1963 में प्रदर्शित पंजाबी फिल्म सपनी से की।

### मोदी ने फातिमा बीवी के निधन पर जाताया शोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम. फातिमा बीवी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक्स पर अपने संवेदना संदेश में लिखा, न्यायमूर्ति एम. फातिमा बीवी के निधन से दुखी हूं। वह एक सच्ची पथप्रदर्शक थीं और उनकी उल्लेखनीय यात्रा ने कई बाधाओं को तोड़ा तथा महिलाओं को बेहद प्रेरित किया। विधिक क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार एवं दोस्तों के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति फातिमा बीवी 30 अप्रैल 1927–23 नवम्बर 2023 वर्ष 1989 में उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश बनी थीं।

### भारत-नेपाल के बीच सूर्य किरण सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल के 334 सैन्यकर्मियों की एक टुकड़ी 17 वें संयुक्त सैन्यभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को भारत पहुंची। अभ्यास सात दिसंबर तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में होगा। यह सैन्यभ्यास वार्षिक कार्यक्रम है और दोनों देशों में बारी–बारी से आयोजित किया जाता है। अभ्यास में हिस्सा लेने वाली 354 सैन्य कर्मियों की भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नेपाल सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व तारा दल बटालियन कर रही है। सैन्यभ्यास का उद्देश्य शांति स्थापना अभियानों में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मुताबिक जंगल युद्ध, पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत में संचालन प्रक्रिया में तालमेल को बढ़ाना है।

### हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा–टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है तथा इसे रोकने के एवज में बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर दिए जाने की मांग की गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्थानीय सहार पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने के साथ ही मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल को भी सूचित किया गया। हवाई अड्डे के फीडबैक इनबॉक्स में गुरुवार को धमकी भरा ईमेल मिला जिसमें प्रेषक ने हवाई अड्डे के टर्मिनल दो पर विस्फोट को रोकने के लिए 48 घंटों के भीतर बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर की मांग की।

### पंजाब, अरुणाचल, असम में सड़कों के लिए 27 सौ करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब, अरुणाचल प्रदेश तथा असम में राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने के लिए करीब 2700 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है। अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–913 के जिदो–सिंघा खंड तक फैली हार्ड शोल्डर वाली करीब 47 किलोमीटर लंबी ग्रीनफील्ड इंटरमीडिएट लेन रोड के निर्माण के लिए 740.11 करोड़ रुपए के आबंटन को मंजूरी दी गई है और इसका निर्माण इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण–ईपीसी मोड के तहत किया जाएगा। इसी के तरह से असम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–17 को 4–लेन बनाने के लिए 1338.61 करोड़ रुपए के आबंन को मंजूरी दी गई है।

# बकाया वेतन मांगा तो दलित की पिटाई की, मुंह से चप्पल उठवाई

**मोरबी, एजेंसी।** गुजरात के मोरबी शहर में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक महिला व्यवसायी ने अपने एक पूर्व कर्मचारी के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। कर्मचारी महिला के पास अपना बकाया वेतन मांगने गया था, जिस पर महिला इतना भड़क गई कि उसने अपने दूसरे कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उसने युवक को अपनी चप्पल मुंह से उठाने के लिये मजबूर भी किया। पीड़ित युवक दलित समुदाय से ताल्लुक रखता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी महिला का नाम विभूति पटेल उर्फ रानीबा है। पुलिस की दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित नीलेश दलसानिया पहले रानीबा इंडस्ट्रीज प्रा.लि. में काम करता था। उसकी 16 दिन की तनख्वाह बकाया थी, जिसे लेने वह अपने बड़े भाई मेहुल और पड़ोसी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

मोरबी के पुलिस उप अधीक्षक प्रतिपाल सिंह के मुताबिक, पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, नीलेश ने 2 अक्टूबर को कंपनी की सेवा में आया था, वहां उसे 12,000 रुपये महीने का वेतन दिये जाने की बात कही गई। लेकिन 18 अक्टूबर को उसे कंपनी से निकाल दिया गया और कहा गया कि उसकी अब ज़रूरत नहीं है। इसके बाद वह दूसरी कंपनी में काम करने लगा। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को धारा 323, 504, 506 (2) सहित अन्य धाराओं में आरोपी के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही अनुसूचित जाति / जनजाति कानून की धाराएं भी लगाई गईं हैं।

# राजस्थान में प्रत्याशियों की परीक्षा आज

▪ 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता करेंगे मतदान
▪ 1860 से अधिक उम्मीदवार आजमा रहे चुनावी भाग्य

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव–2023 के लिए शनिवार को मतदान होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है और इस बार पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदान के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। इस चुनाव में राज्य की 200 विधानसभा सीटों में 199 सीटों के लिए 1860 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। वोटिंग के लिए विधानसभा क्षेत्रों में 51,507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 10,501 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्र और 41,006 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 26,393 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्ट की जाएगी।

**65 हजार से ज्यादा ईवीएम मशीनें :** प्रदेश में मतदान के लिए इस बार 65,277 ईवीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इन ईवीएम मशीनों के साथ 62,372 कंट्रोल यूनिट और 67,580 वीवीपैट मशीनें भी हैं। चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 41,224 वाहनों का अधिग्रहण भी किया है।

**अब तक डाले जा चुके हैं इतने वोट :** विधानसभा चुनाव में इस बार निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा भी दी थी। जिसके तहत 80 साल से अधिक आयु के मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट देन की सुविधा दी गई थी। प्रदेश के 61021 मतदाताओं ने घर से वोट दिया है। जबकि 3,01,875 डाक मतपत्र से भी डाले गए हैं। 3 लाख 62 हजार 896 वोट पड़ चुके हैं।

### मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

आज होने वाले मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त है। वोटिंग में कोई बाधा न आए इसके लिए 69,114 पुलिस जवानों, 32,876 होमगार्ड के साथ फोरेस्ट गार्ड और आरएसी जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। अति संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों और इलकों में सीएपीएफ की 700 कंपनिंयों तैनात किया गया है। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में 3 फ्लाइंग स्क्वॉड और 3 एसएसटी दल भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से लगी सीमा से आने वाले अवांछित व्यक्तियों को रोकने के लिए चेकिंग भी की जाएगी।

# कतर ने 8 भारतीयों को मौत की सजा के खिलाफ अपील स्वीकार की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कतर की एक अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा के खिलाफ भारत की अपील स्वीकार कर ली है, जिन्हें पिछले महीने जासूसी के एक कथित मामले में सजा सुनाई गई थी। सूत्रों ने कहा कि कतरी अदालत, अपील की जांच के बाद सुनवाई की तारीख तय करेगी. अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों, पूर्णेंदु तिवारी, सुगुनाकर पकाला, अमित नागपाल, संजीव गुप्ता, नवतेज सिंह गिल, बीरेंद्र कुमार वर्मा, सौरभ वशिष्ठ और रागेश गोपकुमार हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आठ भारतीयों को कतर की खुफिया एजेंसी ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। लेकिन क़तर के अभी तक इनके ऊपर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है. उनकी जमानत याचिकाएं कई बार खारिज की गईं और पिछले महीने कतर की अदालत ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि कतर की एक अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनायी गई मौत की सजा के खिलाफ अपील की प्रक्रिया जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है और सरकार भारतीय नागरिकों को सभी कानूनी और दूतावास संबंधी सहायता मुहैया कराना जारी रखेगी।

### 26 अक्टूबर को सुनाई थी मौत की सजा

कतर की अदालत ने 26 अक्टूबर को आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाई थी. भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी. कुछ दिनों बाद, मौत की सजा के खिलाफ एक अपील दायर की गई. बागची ने कहा, मामला फिलहाल वहां कानूनी प्रक्रिया में है. जैसा कि हमने बताया, कतर की अदालत में एक अपील दायर की गई है. हम इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ भी सम्पर्क में हैं और हम उन्हें सभी कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे।

# तेलंगाना चुनाव : 6 सौ करोड़ से अधिक की नकदी, सोना, शराब और मुफ्त उपहार जब्त



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों ने विधानसभा चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद से राज्य में 603 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की नकदी, सोना, शराब, नशीले पदार्थ एवं मुफ्त उपहार जब्त किए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 214 करोड़ रुपये की नकद राशि, कुल 179 करोड़ रुपये मूल्य का सोना एवं अन्य कीमती धातुएं, 96 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शराब, 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और 78 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अन्य वस्तुएं/मुफ्त वस्तुएं जब्त की गईं। उन्होंने ने बताया कि विधानसभा चुनावों के लिए कार्यक्रम जारी होने के बाद से हेल्पलाइन पर 1,987 फोन कॉल प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि जहां तक राष्ट्रीय शिकायत निवारण सेवा में दर्ज शिकायतों की बात है तो कुल 20,670 शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें से 20,301 का समाधान कर दिया गया।

बताया गया है कि जिला कॉल सेंटर के माध्यम से 4,673 शिकायतें प्राप्त हुईं और 4,543 का समाधान किया गया। उसमें कहा गया है कि सी–विजिल के माध्यम से 5,183 शिकायत प्राप्त हुईं और उन पर कार्रवाई की गई। इसमें बताया गया है कि अब तक जिला/निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर सुविधा पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवारों/राजनीतिक दलों को 22,254 अनुमति दी गई हैं।

### जम्मू-कश्मीर समेत सात राज्यों में बारिश की संभावना

# देशभर में अगले हफ्ते तक बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर समेत 7 राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है। बीते 5 दिनों में पहली बार गुरुवार को कश्मीर का पारा 0.9 डिग्री से ऊपर रहा। पहलगाम और अंनतनाग में माइनस 3.3 डिग्री के साथ सबसे ज्यादा ठंड रिकार्ड की गई। आईएमडी ने अगले हफ्ते से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

वहीं गुलमार्ग में तापमान माइनस 2 डिग्री रिकार्ड किया गया। बांदीपुरा, बारामूला, गांदरबल, कोकरनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा जैसे इलाकों में तापमान जीरो से 1.7 ड़िग्री के बीच रहा। स्काइमेट के मुताबिक, जम्मू कश्मीर, गिलगित–बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश संभव है।

दिल्ली–एनसीआर का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स गंभीर श्रेणी में रहेगा। आईएमडी साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से जम्मू–कशमीर में जल्द ही हल्की बर्फबारी हो सकती है। वहां 26– 27 नवंबर को तूफान आने और ओले गिरने की भी आशंका है। वहीं, सेंट्रल इंडिया में भी इस दौरान ओले गिर सकते हैं। दिल्ली में भी ठंड के साथ अब धुंध बढ़ने लगी है। राजधानी दिल्जी की हवा शुक्रवार को एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। राजधानी का ओवर ऑल एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 388 रहा। कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। पूसा में एक्यूआई 403, आईआईटी दिल्ली में 579, लोधी रोड क्षेत्र में 359 दर्ज किया गया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एरिया और एयरपोर्ट (टर्मिनल–3) क्षेत्र में एक्यूआई 386 और 398 दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 411 था। अलीपुर, वजीरपुर और आरकेपुरम में 432, 443 और 422 के साथ एक्यूआई गंभीर कैटेगरी में दर्ज किया गया। तमिलनाडु में पिछले दो दिन से रुक–रुककर बारिश हो रही है। कई जगह लैंडस्लाइड भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार व शुक्रवार को कोयम्बटूर जिले के मेट्टुपालयम इलाके में 373 एमएम और नीलगिरी में 369.9 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। ये अब तक सीजन की सबसे ज्यादा बारिश है। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

# संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 4 दिसम्बर तक जेल में ही रहेंगे।


स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी चार दिसंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, संजय के वकील मोहम्मद इरशाद ने बताया कि संजय की जमानत के लिए याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट में लगाई गई है, जिस पर शनिवार को सुनवाई हो सकती है। इससे पहले संजय को 10 नवम्बर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ाई गई थी। दिल्ली शराब घोटाला मामले में संजय सिंह 52 दिन से हिरासत में हैं। संजय सिंह को चार अक्टूबर को अरेस्ट किया था। दिल्ली शराब घोटाला मामले में इसी साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। इसको लेकर संजय सिंह ने काफी हंगामा मचाया था। दरअसल, मई में संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। ईडी ने इस पर जवाब दिया कि हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। जिसके बाद ईडी ने संजय सिंह को मीडिया में बयानबाजी न करने की सलाह दी थी, क्योंकि मामला कोर्ट में लंबित है।

# डीपफेक को लेकर केंद्र के तेवर सख्त

▪ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सात दिन का समय
▪ प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद करेगा केंद्र


**नई दिल्ली, देशबन्धु।** डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार ने अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। साफ कहा गया है कि इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को दो–टूक कहा कि शुक्रवार से इस संबंध में सरकार की नीति जीरो टालरेंस की रहेगी। इस मामले में मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे सात दिनों के भीतर उपयोग करने की अपनी शर्तों को आईटी नियमों के अनुसार बदल लें। साथ ही डीपफेक का गलत उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की तैयारी भी कर ली गई है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार की तैयारी एक वेबसाइट बनाने की है। इसके माध्यम से लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराने में सहूलियत होगी। इसके अलावा सरकार लोगों को मामला दर्ज करने में सहयोग देने के लिए एक अधिकारी की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2022 से ही भारत सरकार गलत सूचना और डीपफेक के खतरे को लेकर सभी अलर्ट करती आ रही है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स मंत्रालय ने सभी प्लेटफॉर्म्स को इस महीने की शुरुआत में एक एडवाइजरी जारी किया था, जिसमें ऐसे कानूनी प्रावधानों को बताया गया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी प्लेटफॉर्म्स का गलत सूचना के प्रसार को रोकना कानूनी दायित्व है।



## सार-समाचार

### मानव हृदय ही संसार सागर: पं. नवीन बिहारी



**गौरझामर, देशबन्धु।** कार्तिक माह के अवसर पर बरकोटी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं. नवीन बिहारी ने सुखदेव परीक्षित संवाद सुनाया जिसमे श्रद्धालु भावविभोर हो गए यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है, यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं, जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर धर्म का साथ देने वालो का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है, मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। धार्मिक आयोजन में ग्राम में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस दौरान अंकुश चौहान सरपंच प्रतिनिधि सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में माता बहने श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### उपलब्धि: सहायक खनन भूविज्ञानी के 26 प्रतिशत पदों पर विश्वविद्यालय के भूगर्भशास्त्र के छात्रों का चयन

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के छात्रों ने संघ लोक सेवा आयोग के अंतर्गत भारतीय खनन ब्यूरो, मंत्रालय की सहायक खनन भूविज्ञानी की परीक्षा में सफलता पाई है। कुल 19 सफल उम्मीदवारों में 5 छात्र विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान के छात्र हैं। सफल छात्रों में अभिषेक तिवारी, संदीप कुमार बर्मन, अखिलेश अग्रवाल, गरिमा सिंह सहित रितु पटेल हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. हेरेल थॉमस ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए बताया कि जारी परिणाम में 26 प्रतिशत से अधिक सीटों पर विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान के छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। यह विभाग एवं विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। छात्रों की सफलता पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### डॉ. गौर की छत्रछाया में ध्वजवंदन कर गौरवान्वित होगें सेवादल परिवारजन: सिंटू कटारे

**सागर, देशबन्धु।** हर माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल का झंडारोहण और झंडावंदन कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर होता आया है, उसी श्रृंखला में इस नबंवर माह के अंतिम रविवार को झंडावंदन कार्यक्रम गौरमूर्ति तीनबत्ती पर पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा के द्वारा संपन्न होगा। शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है, कि हमारे अभिमान डॉ. गौर की जयंती माह के अंतिम रविवार को है, उनकी छाया में ध्वजारोहण करके हम सब अपने आप में गौरवान्वित होंगे। ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी कांग्रेस जनों, सभी कांग्रेस पार्षद, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल और यंग ब्रिगेड परिवार के सदस्यों से कार्यक्रम में रविवार को सुबह 10.30 बजे तीनबत्ती पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं व्यसन सामग्रियां प्रतिबंधित रहेंगी

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि जिले की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाली मतगणना के लिए शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में मोबाइल एवं व्यसन सामग्री जैसे बीडी, सिगरेट, तम्बाकू सहित अन्य ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मतगणना परिसर में प्रवेश के पूर्व त्रि-स्तरीय जांच पड़ताल पुलिस द्वारा की जाएगी।

### मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण 28 नवबंर को

**सागर, देशबन्धु।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत 3 दिसंबर को जिले के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना शास. इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में की जाना है। जिसके लिए मतगणना में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण 28 नवबंर को प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पदमाकर सभागार में दिया जाएगा। सभी संबंधितों प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज करने ने निर्देश दिये गये हैं।

# राज्य स्तरीय अधिकारियों ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की ली बैठक



**राहतगढ़, देशबन्धु।** कायाकल्प अभियान के तहत सिविल अस्पताल राहतगढ़ में राज्य स्तरीय अधिकारियों ने दौरा किया एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक ली। ये दौरा कायाकल्प अभियान के तहत किया गया था। जिसमे भोपाल से कायाकल्प अभियान की अटेंडसर सुरभि मिश्रा आदि अधिकारियों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साफ सफाई पर काफी फोकस किया। कही-कही साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ना पाकर सिविल अस्पताल के स्टाफ को व्यवस्था ठीक करने की बात कही। इस दौरान डिलेवरी वार्ड, जनरल वार्ड, लेब, एक्स-रे रूम आदि का निरीक्षण किया साथ ही राज्य से आये अधिकारियो ने बताया कि फिलहाल व्यवस्थाएं ठीक है मगर स्टाफ की कमी है अभी सिविल अस्पताल की बिल्डिंग हैंड ओवर नही हुई है, जिसके कारण यहां पर व्यवस्थाओं में कमी सामने आ रही है। शिफ्टिंग होने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार आयेगा। सभी को स्वास्थ्य सेवाओं का सुविधा पूर्वक लाभ मिले ऐसा प्रयास रहेगा। अस्पताल में फैली गंदगी पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार कराए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक भी ली उन्होंने कहा कि जैसे घर में स्वच्छता रहती है ठीक वैसे ही हमारे सिविल अस्पताल में दवाइयां स्टोर रूम, लैब सभी जगह सफाई रहे। इस मौके पर बीएमओ विकेश फुसकेले, डॉ. आशीष भारद्वाज, डॉ. लक्ष्मण, डॉ. नरेश साहू, डॉ. उमा विजयन, बीसीएम रेखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने क्षतिग्रस्त पेड को हटवाया



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा बरायठा मार्ग पर लगा एक पीपल का वृक्ष जो पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गया था, क्षतिग्रस्त वृक्ष की शिकायत स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई जब नागरिकों ने मीडिया को बताया तो मीडिया ने वरिष्ठ अधिकारियों के अवगत कराते हुए वृक्ष की क्षतिग्रस्त हालत बताई तो बण्डा एसडीएम संदीपसिंह ने मौके पर पहुंचकर तत्काल नगर परिषद सीएमओ पीडी पाठक एवं अन्य टीम को बुलाकर क्षतिग्रस्त पेड को हटवाने की कार्यवाही शुरु की। वृक्ष कटने के बाद नागरिकों ने प्रशासन और मीडिया के प्रति अभार जताया।

## कूडो नेशनल में सागर के अमात्य ने सिल्वर मेडल पर जमाया कब्जा




**सागर, देशबन्धु।** 14 वें कूडो नेशनल टूर्नामेंट 2023-24 में सागर के अमात्य जैन ने महज 9 साल की उम्र में करीब 20 राज्यों के प्रतिभागियों को पटखनी देते सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। बता दें कि गुजराज के सूरत में कूडो नेशनल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें अंडर 10 में अमात्य जैन मप्र टीम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा गुजरात के सूरत में 22 से 25 नवंबर तक आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों से विभिन्न आयुवर्ग के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। गुरूवार को अंडर 10 आयुवर्ग में सागर के सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल में तीसरी कक्षा के छात्र अमात्य जैन ने कूडो खेल में प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को शिकस्त देते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमा कर सागर और मप्र का नाम रोशन किया है।

### बीएमसी में पहला नेशनल मेडल आया है

बता दें कि अमात्य जैन के पिता डॉ. मनीष जैन बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं व मां डॉ. रोशी जैन आप्थेलमोलॉजी विभाग में बतौर आई स्पेशलिस्ट पदस्थ हैं। बीएमसी परिवार व कैम्पस में यह पहला नेशनल मेडल अमात्य लेकर आ रहे हैं।

### तुलसी माता संग हुआ भगवान शालिगराम विवाह

**राहतगढ़, देशबन्धु।** देवउठनी एकादशी के मौके पर गुरुवार को श्री तुलसा माता, भगवान शालिगराम जी का विवाहोत्सव सनातन परिवारों में विधि विधान के साथ मनाया गया। घर-घर गन्ने का मंडप सजाकर देवों की पूजन की गई। मंडप के नीचे भगवान शालिगराम, माता तुलसी के विवाह की रस्में विधिविधान से की गई। इस मौके पर नई फसल की सब्जियों सहित चना भाजी, सीताफल, सिंगाड़े, नई मूंगफली, बेर, आंवला विभिन्न फलों का भोग लगाकर देवों की ग्यारह परिक्रमा की गई। उसके साथ ही परिजनों ने एकत्रित होकर उठो देव बैठो देव कुआंरो के ब्याह करो ब्याह के चलाव करो के जय घोष के साथ देवों को उठाया। पं. रूपकिशोर त्रिवेदी के मुताबिक देव उठने के साथ ही टीका फलदान, विवाह आदि शुभ काम होने लगे हैं।

## पुलिस ने 8 घण्टे के अंदर नाबालिग बालिका को खोजकर परिजनों को किया सुपुर्द



**सागर, देशबन्धु।** 23 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे नाबालिक शौंच के लिये घर के सामने जंगल गई थी उसके बाद घर वापस नही आने पर परिजनों द्वारा थाना जैसीनगर पुलिस को सूचना दी गई कि नाबालिग बालिका को एक व्यक्ति अपने साथ बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है घटना की सूचना पर थाना जैसीनगर पुलिस द्वारा अप. क्र. 314/23 धारा 363 ताहि में दर्ज किया गया अपहर्त नाबालिग बालिका होने की गंभीरता की सूचना से पुलिस अधीक्षक को तत्काल अवगत कराया, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा घटना को गंभीरता से लेकर अपहर्ता की सकुशल खेजने निर्देशित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में एसडीओपी राहतगढ योगेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जैसीनगर, थाना प्रभारी राहतगढ, थाना प्रभारी नरयावली, चौकी प्रभारी सीहोरा मय स्टाफ के टीमों का प्रथक प्रथक गठन किया। उक्त टीमों द्वारा थाना क्षेत्र के उम्दा मुखबिरों एवं ग्रामीणजनों का सहयोग लेकर ग्राम शोभापुर, अगरिया के जंगल में लगातार सर्च अभियान चलाया गया जिससे आरोपी हल्ले पिता कोमल अहिरवार उम्र 30 साल निवासी सोभापुर थाना जैसीनगर पर काफी दबाब बनाया, अत्याधिक दबाव के फलस्वरूप आरोपी अपर्हत नाबालिग बालिका को जंगल में छोडकर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया, प्रात: अपर्हत बालिका घर से करीब 1.5 किमी दूर जंगल में पुलिस टीम को सकुशल मिली पुलिस ने 8 घंटे के अंदर अपर्हत नाबालिग बालिका को सकुशल खोजकर परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त कार्यवाही से सागर पुलिस आम जनमानस के मन में विश्वास अर्जित करने में सफल रही। आरोपी की तलाश में कई टीम लगातार मुखबिर तंत्र को मजबूत कर लगाई गई है एसडीओपी राहतगढ़ ने बताया है अतिशीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाहगढ़, देशबन्धु।** शाहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूरावन में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। मृतक के परिवार वालों ने कहा कि गांव के कुछ लोग उसके साथ खेत गए थे। लेकिन करंट लगने पर उन्होंने मृतक को बचाया नहीं और मौके से भाग आए। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार भगुन पिता सुखनंदी लोधी उम्र 31 साल निवासी रूरावन की करंट लगने से मौत हुई है। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया है। मृतक के भाई हीरा सिंह ने बताया कि सोवन लोधी के खेत में भाई को गांव के कुछ लोग लेकर गए थे। खेत में बिजली वायर जोड़ते समय भगुन को करंट लग गया। उसे करंट लगा तो साथ में गए लोगों ने उसको बचाने का प्रयास नहीं किया और वहां से भाग आए। करीब दो घंटे के बाद जानकारी मिली कि भाई भगुन खेत में बिजली के तारों में उलझा हुआ है। शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। जहां भाई की मौत हो चुकी थी। मामले में शाहगढ़ थाना पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मृतक के परिवार वालों के बयान लिए जा रहे हैं।

## एटीएम बदलकर 1.80 लाख की धोखाधड़ी

**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना क्षेत्र में बिलासपुर से आए बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर 1.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। वारदात सामने आते ही बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया है। शिकायतकर्ता ऋषभ जैन उम्र 75 साल निवासी एमआईजी नेहरु नगर बिलासपुर ने बताया कि वे 23 नवंबर को अपने भाई शरद जैन के घर भाग्योदय के पीछे सागर आए थे। गुरुवार को ही वे शाम करीब 6.30 बजे भाग्योदय के पास लगी एसबीआई की एटीएम मशीन से रुपए निकालने के लिए गए थे। एटीएम में वे बार-बार अपना एटीएम कार्ड लगा रहे थे। उम्र ज्यादा होने के कारण उन्हें पैसे निकालने में दिक्कत हो रही थी। इसी दौरान एटीएम के पास खड़ा युवक यह सब देख रहा था। रुपए निकालने के बाद ऋषभ जैन घर जाने लगे। तभी उनका एटीएम जमीन पर गिर गया। वह एटीएम कार्ड उठाने लगे तो पास में खड़े युवक ने कार्ड उठाया और दे दिया। इसी दौरान युवक ने उनका एटीएम बदल लिया। शुक्रवार सुबह ऋषभ जैन के मोबाइल पर बैंक खाते से रुपए निकाले जाने का मैसेज आया। उन्होंने परिवार वालों से पूछा कि किसी ने पैसे निकाले हैं तो उन्होंने मना कर दिया। संदेह होने पर तत्काल बैंक में संपर्क किया। जहां पता चला कि एटीएम से रुपए निकाले गए हैं। मामले में बदमाश ने एटीएम बदलकर फरियादी के खाते से करीब 1.80 लाख रुपए निकालकर धोखाधड़ी की है। शिकायत मिलते ही मोतीनगर थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है। एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

### नि:शुल्क श्वांस दमा खांसी अस्थमा शिविर 27 को

**सागर, देशबन्धु।** नि:शुल्क अस्थमा शिविर, दमा एवं अन्य श्वास रोगियों के लिए स्वामी प्रेमदास साहिब थल्हा दरबार द्वारा सोमवार 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा रात्रि को सत्संग भवन राधेश्याम भवन में आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में चावल दूध के हलवे के साथ चित्रकूट से जड़ी-बूटी की दवा खीर पूर्णिमा की रोशनी किरणों में रखी जाती है मानव जाति की मुफ्त सेवा के रूप में शुद्ध स्वच्छ और संगठित तरीके से तैयार करके परोसी जाती है यहां संस्था पिछले 25 वर्षों से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मप्र में इन शिविरों का आयोजन कर रही है। रोगियों की रिपोर्ट के अनुसार इस जड़ी बूटी की दवा से बहुत फायदा हुआ है और कुछ को बहुत फायदा हुआ है। लाभ प्राप्त करने के इच्छुक मरीजों को अनिवार्य रूप से अपना नाम पंजीकृत कराना चाहिए। टोकन नम्बर प्राप्त करने के लिये 25 एवं 26 नवंबर को सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक इन मोबाईल नम्बर पर 8269561605, 8770960176 संपर्क करें। बिना पंजीयन दवाई नहीं दी जायेगी, पंजीयन उपरांत दवाई पैक करके प्रात: काल 4 बजे से दवाई दी जायेगी। कृपया गर्भवती महिलाएं इस दवा का सेवन न करें।

### जिला ग्रामीण अध्यक्ष ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार ने शासकीय इंजीनियर कालेज में पहुंचकर कर कांग्रेस प्रत्याशी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर ईव्हीएम की सुरक्षा का जायजा लिया एव कम्प्यूटर स्कीन पर स्ट्रांग रूम में रखी मशीनों का निरीक्षण किया साथ ही विधानसभा वाईस रूके प्रत्याशी के प्रतिनिधिमंडल से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली एवं कार्यकर्ताओ का मनोबल बढाया। संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर ने बताया कि सागर की आठो विधनसभा के प्रतिनिधिमंडल चौबीस घंटे मशीनो की सुरक्षा में तैनात है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगे कैमरे बंद होने पर कांग्रेस प्रत्याशी पहुंचे इंजीनियरिंग कॉलेज

### जिला निर्वाचन अधिकारी से जताई सख्त आपत्ति



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में ईव्हीएम मशीनों व स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगे कैमरे बंद होने की जानकारी लगते ही शुक्रवार को नरयावली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी और सागर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने कांग्रेसजनों के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगे कैमरे बंद होने पर सख्त आपत्ति दर्ज कराते हुए स्ट्रांग रूम की निगरानी में पूरी पारदर्शिता बरतने व निष्पक्ष मतगणना संपन्न कराने की बात कही जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूरी पारदर्शिता के साथ स्ट्रांग रूम की निगरानी और निष्पक्ष रूप से मतगणना कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विधायक सुनील जैन, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अशरफ खान, विजय साहू, अजय जैन, सुनील सिंह, राकेश राय, रवि उमाहिया, शरद राजा सेन आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

### अंकुर कॉलोनी में भव्य पिच्छीका परिवर्तन कल

**मकरोनिया, देशबन्धु।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में मुनिश्री सुदत्तसागर एवं क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर का मंगल वर्षायोग चातुर्मास चल रहा है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि मुनि संघ का भव्य पिच्छीका परिवर्तन कार्यक्रम कल 26 नवंबर, रविवार दोपहर 1 बजे से श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण, अंकुर कॉलोनी से आयोजित किया जा रहा है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी ने सकल दिगंबर जैन समाज से पधारने के लिए आग्रह किया है।

### नामदेव महाराज की 753 वी जयंती धूमधाम से मनाई

**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्राचीन शिवालय मंदिर के समीप संत शिरोमणि नामदेव समाज मंदिर परिसर में नामदेव समाज ने संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 753 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नामदेव प्रतिमा के समक्ष हवन पूजन कर आरती की गई। महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। नगर के लोगो ने संत नामदेव जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। हवन पूजन के बाद खीर वितरित की गई। समाज के लोगो ने विचार व्यक्त करते हुए कहा संत नामदेव जी ने सभी धर्म के लोगों को जोड़ने का संदेश दिया और सभी वर्ग के लोगों की भलाई के लिए प्रेरित किया। हर वस्तु प्रेम से संभव हो सकती हैं वह बड़े दयालु महान संत थे उन्होंने लोगों को एकता और भाईचारे के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मगनलाल नामदेव, प्रकाश नामदेव, नीरज नामदेव, जयराम नामदेव, राजू, राजेंद्र, रामकृष्ण सहित महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं नगर के लोग शामिल रहे।

# गौवंश वध एवं गौ मांस को कब्जे में रखने वाले 5 आरोपियों को 2-2 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** गौवंश वध एवं गौ मॉस को कब्जे में रखने वाले आरोपियो मुन्नी उर्फसोफिया, रब्बानी, जिलानी, मुब्बु एवं राजा उर्फ मुबीन को न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी आशीष शर्मा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये सभी आरोपियो को गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की धारा. 4/9(1) के तहत 2-2 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपये अर्थदण्ड धारा.5/9(2) के तहत 6-6 माह सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पशु क्ररूरता अधिनियम के तहत 50-50 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अमित जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि थाना प्रभारी केंट को 3 मई 2015 को सूचना प्राप्त हुई जिसकी तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ के साथ कजलीवन टपरिया गये थे। कंट्रोल रूम सागर को सूचना देने पर पर्याप्त बल मौके पर आने से रब्बानी मुसलमान, जिलानी, मुब्बु, राजा मकरानी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके पर पहुंचकर साक्षीगण के समक्ष मुन्नी उर्फ सोफिया के मकान की तलाशी 3 मई 2015 को ली गई। मुन्नी उर्फ सोफिया के मकान के सामने से दो कमरे अंदर तीसरे कमरे में एक सफेद रंग की गाय जिसकी आधी गर्दन कटी हुई मृत, एक लोहे का धारदार बका, एक लोहे की आरी, एक सफेद गाय के कटे हुये चार पैर, एक चद्दर का पीका जिसमें गाय की चर्बी रखी है का तलाशी पंचनामा तैयार कर घटना स्थल से आरोपी मुन्नी उर्फ सोफिया को गिरफ्तार किया गया। थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना केंट द्वारा धारा.153 क भादसं, 4/9(1), 5/9(1) गौवंश प्रतिषेध अधिनियम एवं 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** बालिका के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी हल्ले लड़िया उर्फ राजा को विशेष न्यायाधीष पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 354 के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 5 मार्च 2022 को इस आशय की रिपोर्ट थाना जैसीनगर में लेख कराई कि 3 मार्च 2022 के रात्रि 12 बजे की बात है वह घर के बाहर निस्तार के लिये गई थी कि अभियुक्त हल्ले लड़िया उर्फ राजा वहां पहले से खड़ा था जिसने उसका हाथ बुरी नियत से पकड़कर खींचने लगा तो वह चिल्लाई तो आवाज सुनकर उसकी मां आ गई तो हल्ले उसकी मां को भी गंदी-गंदी गालियां देते हुये वहा से भाग गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा एवं 5 हजार का आर्थिक दंड

**बण्डा, देशबन्धु।** नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी को बीस वर्ष की सजा और अर्थ दंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक ताहिर खान ने बताया कि थाना शाहगढ़ के अन्तर्गत पीड़ित बालिका की मां एव पिता मजदूरी करने दिल्ली गये थे। अपनी बड़ी मां चाची के साथ अपने गांव के घर पर रहती थी घटना 9 जून 2018 को बालिका घर पर अकेली थी, उसकी बड़ी मां चाची शाहगढ़ बाजार गयी थी। तभी दिन के करीब 3 बजे उसके गांव का युवक घर के पीछे की दीवाल कूंदकर घर के अंदर आया और बालिका को कमरे के अंदर ले जाने लगा। बालिका चिल्लाई तो युवक ने हाथ से उसका मुंह दबाकर कमरे में ले जाकर उसके साथ बुरा काम किया। जब बालिका की बड़ी मां चाची शाहगढ़ बाजार से आयी तो उसने सारी घटना बताई उसकी बड़ी मां चाची ने 100 नंबर पर फोन लगाया और 100 नंबर गाड़ी से बालिका ने अपनी बड़ी मां चाची के साथ थाने जाकर रिपोर्ट लेख कराई, उक्त रिपोर्ट के आधार पर शाहगढ़ थानें में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, न्यायालय में पेश किया गया। पीड़ित बालिका घटना के समय 16 वर्ष से कम आयु की थी डॉक्टर के द्वारा आरोपी लोकमन पिता लक्ष्मन अहिरवार का मेडीकल जांच के लिए लिया गया, पीड़ित बालिका के वस्त्र का मिलान आरोप लोकमन के ब्लड सैंपल से करने पर डीएनए प्रोफाईल एक समान प्राप्त हुई जिससे यह साबित हुआ कि आरोपी लोकमन ने पीड़ित बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाये थे उपरोक्त वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर आरोपी लोकमन पिता लक्ष्मन अहिरवार को भादंस की धारा 376 (3) 450 के अंतर्गत दोषी पाते हुये दोष सिद्ध किया गया।

न्यायालय द्वारा आरोपी लोकमन पिता लक्ष्मन अहिरवार को भादंस की धारा 376 (3) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 5000 रूपए अर्थदंड, धारा 450 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय के द्वारा अर्थदंड की राशि सात हजार रूपए एवं प्रतिकर योजना 2018 के अन्तर्गत चार लाख रूपये पीड़ित बालिका को देने का आदेश किया। प्रकरण में प्रभावी विवेचना निरीक्षक कृपाल मार्को के द्वारा की गई।

## सार समाचार

### धूमधाम से मनाया गया खाटूश्यामजी का जनमोत्स्व

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के हरपालपुर कस्बे में इन दिनों हारे का सहारे खटूश्याम जी का जन्मोत्सव पारम्परिक आस्था और उत्साह से मनाया गया।

बताया गया है कि हिन्दू पंचाग के अनुसार हर साल कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को खटूश्याम जी का जन्म उत्सव मनाया जाता है। नगर हरपालपुर में खटूश्याम जी के जन्म उत्सव पर बाबा की सुंदर झांकी सजाई गई। जानकारी के अनुसार नगर में स्थित मंगल बाजार, हरिहर रोड में श्री खटूश्याम जी के जन्मदिन के शुभअवसर पर उनके भक्तों ने सुंदर झांकी सजाई है।जिसमें चौराहे पर पंडाल लगाकर उनकी प्रतिमा स्थापित करके दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से उपासना की गई। सभी ने मिलकर आरती की और जयकारे लगाए। इस मौके पर दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और आरती में शामिल हुए। इस दौरान महिलाओ ने भी अपने घरों से आरती सजाकर उनकी आरती करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। संगीतम भजनों की धुन पर भक्त झूमते नजर आये। भक्तों ने जश्नन के साथ आतिशबाजी कर खुशी का इजहार भी किया।

### 5 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने 5 फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है।

फरार आरोपी लोकमन पिता खिलान लोधी निवासी ग्राम भुजपुरा थाना बक्स्वाहा एवं शरण पिता गुलाब सिंह लोधी, भानसिंह पिता रामसिंह लोधी और मलखान पिता बब्बू सिंह लोधी तीनों निवासी ग्राम चाचई सेमरा थाना बक्स्वाहा पर 3-3 हजार रूपए तथा उदयभान पिता रामशरण द्विवेदी निवासी गौरिहार थाना गौरिहार सहित एक अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

# सागर-कानपुर फोरलेन के लिए बड़ामलहरा ब्लॉक के 22 गांवों की जमीन अधिग्रहण की प्रकिया शुरू



### जिले के चार ब्लॉक के 57 गांवों से गुजरेगा फोरलेन हाइवे

**छतरपुर, देशबन्धु।** सागर-कानपुर फोरलेन निर्माण के लिए छतरपुर जिले के बड़ामलहरा ब्लॉक के 22 गांवों की जमीन के अधिग्रहण की प्रकिया शुरू हो गई है। जिले के 4 ब्लाक के 57 गांवों से होकर गुजरने वाले फोरलेन निर्माण का काम सागर से तेजी से किया जा रहा है जो बंडा के ओहले तक काफी हो चुका है। 232.7 किमी लंबे कानपुर-सागर नेशनल हाइवे क्रमांक 34 पर फोरलेन बनाने के लिए छतरपुर जिले की चार तहसीलों महाराजपुर, छतरपुर, बिजावर और बड़ामलहरा के 57 गांवों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। जानकारी के अनुसार महाराजपुर तहसील की जमीनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है।

जारी अधिसूचना के मुताबिक सागर-कबरई फोरलेन निर्माण के लिए बड़ामलहरा तहसील अंतर्गत ग्राम भिलवार, गोरा, बमनौराखुर्द, घिनौची, रजपुरा, नदिया, टौरिया, भनगुवां, मौली, मेलवार, परा, किवलाई, अरोल, मवई, रानीखेरा, सड़वा, सूरजपुरा रोड, मुंगवारी, डोंगरा, कम्मोदपुरा, कनेरा और बड़ामलहरा में भूमि अधिग्रहण होगा। बताया गया है कि जिले में फोरलेन निर्माण के लिए सबसे ज्यादा गांव बड़ामलहरा ब्लॉक के ही प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा

बाकी तहसीलों के कई गांवों में अभी जमीन अधिग्रहीत की कार्यवाही की कागजी खानापूर्ति अंतिम चरण में है। इनमें बिजावर तहसील क्षेत्र के निवार, मड़देवरा, चौकी, लहर, दरगुवां, कल्दा, रजपुरा, गुलगंज, अनगौर, बिलवार व छतरपुर तहसील क्षेत्र के पलटा, खैरों, परा, चौका, मातगुवां, बूदौर, ढड़ारी, देरी, कतरवारा, पठापुर, नारायणपुरा, सौंरा, टड़ेरा, हमा, खौंप, बारी, निवारी और छतरपुर से फोरलेन गुजरेगा। इसी तरह महाराजपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम कुर्राहा, ऊजरा, बेदार, गौरारी, मलहरा और गढ़ीमलहरा की जमीनों का भी अधिग्रहण किया जाएगा। 232.7 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन के निर्माण के दौरान बड़े कस्बों के यातायात को ध्यान में रखा गया है। इसमें सागर से निकलते हुए बंडा, शाहगढ़, बड़ामलहरा, हीरापुर, गुलगंज, छतरपुर, गढ़ीमलहरा, ऊजरा, श्रीनगर और महोबा में बायपास बनेगा।

### लखनऊ और भोपाल को जोड़ेगा फोरलेन

एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार महोबा से सागर और सागर से भोपाल फोरलेन हाइवे निर्माण किया जाएगा। इससे यूपी और एमपी की राजधानियों को जोडने् के लिए लोगों को छह सौ किलोमीटर का सीधे फोरलेन हाइवे से आसानी से पहुंचने की सुविधा मिल जाएगी। इससे भोपाल से लखनऊ तक का सफर केवल सात घंटे में पूरा हो सकेगा। अभी तक कानपुर से भोपाल जाने के लिए झांसी होकर जाना पड़ता है, इसमें दस घंटे से ज्यादा का समय लगता है।

### फोरलेन की ऐसे होगी कनेक्टिविटी

इस फोरलेन हाइवे को लखनऊ से कानपुर फोरलेन हाइवे और एक्सप्रेसवे से रास्ता मिलेगा। नौबस्ता कानपुर से कबरई तक 124 किलोमीटर हाइवे बनेगा। कबरई में ही बाइपास बनाया जाएगा और वाहनों को कस्बे से बाहर का रास्ता मिलेगा। कबरई से सागर 232.7 किलोमीटर का नया फोरलेन होगा। फिर सागर से भोपाल के लिए 150 किलोमीटर का फोरलेन हाइवे मिलेगा। इस तरह से कबरई से सागर 5 तो सागर से भोपाल तक 3 सेक्टर में फोरलेन निर्माण होगा।

# अभविप के नगर अध्यक्ष ने लगाई फांसी, मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी दूर से स्थित चंदला कस्बे के वार्ड 15 में रहने वाले अभविप के चंदला नगर अध्यक्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मुकेश पिता गणेश प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को सुबह अपने घर में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। इस घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी तो आनन-फानन में शव को उतारकर चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर न मिलने की वजह से निजी वाहन से लेकर लवकुशनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां पदस्थ डॉ शाक्यवार ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना परिजनों के द्वारा चंदला पुलिस को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है। जिसमें मृतक के द्वारा चंदला के गुल्लू अंसारी और मानसी गुप्ता के द्वारा उसे जबरन परेशान करने का हवाला देकर लिखा है कि इस कारण वह डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर रहा है। अभाविप के नगर अध्यक्ष की मौत की जानकारी मिलते ही परिषद के कई कार्यकर्ताओं सहित वार्ड के तमाम लोग और परिजन थाने पहुंचे। सभी ने चंदला पुलिस से आरोपियों के खिलाफ नामदर्ज मुकदमा कायम करने की बात कही। टीआई हरि सिंह ठाकुर ने लोगों को समझाइए देकर कहा कि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों की मानें तो मृतक और चंदला की रहने वाली युवती मानसी गुप्ता के बीच में प्रेम प्रसंग चल रहा था। मानसी गुप्ता ने अपने दूसरे साथी गुल्लू अंसारी के साथ मिलकर मृतक के ऊपर दबाव बनाया इसी डिप्रेशन में आकर एबीवीपी के नगर अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने अपने ही घर में फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस इसी आधार पर अपनी जांच आगे बढ़ा रही है।

# गन्ने का मंडप बनाकर देव उठनी ग्यारस पर धूमधाम से हुआ शालिग्राम तुलसी विवाह

नौगांव। भारतीय संस्कृति के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन से विवाह मुहूर्त प्रारंभ हो जाता लेकिन इस वर्ष विवाह देवउठनी एकादशी को विवाह मुहूर्त नहीं। नगर एवं ग्रामीण इलाकों में देवउठनी एकादशी के दिन बड़े ही धूमधाम के साथ माता तुलसी का भगवान विष्णु स्वरूप शालिग्राम के साथ विवाह किया गया जिसमें महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने माता तुलसी के पैर पूजा एवं शालिगराम भगवान के साथ गांठ जोड़ी तथा इस दिन दीपदान का विशेष महत्व है इसलिए शुद्ध घी के दीपक जलाकर गन्ने के मंडप के नीचे रखे गए और विवाह संपन्न होने के पश्चात भगवान को भोग लगाया गया और विवाह के गीत गाए गए। हिंदुओं के सबसे बड़े एवं प्रसिद्ध त्यौहारों में से एक दीपावली



के बाद बाजार में देवउठनी एकादशी के दिन रौनक देखने को मिली। मान्यता के अनुसार यह दिन स्वयं सिद्ध मुहूर्त माना जाता है। जिसके चलते अनेकों परिवार में देवउठनी ग्यारस के दिन विवाह में संपन्न हुए देवउठनी को देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन अबूझ मुहूर्त माना जाता है क्योंकि इस दिन विष्णु स्वरूप शालिगराम का विवाह तुलसी के साथ होता है और सभी शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शालिगराम और तुलसी का विवाह धूमधाम से मनाया गया। क्योंकि हिंदू धर्म के सभी त्यौहार प्रकृति से जुड़े होते हैं इसलिए कुछ प्राकृतिक वस्तुओं का पूजन भी किया गया। भगवान का मंडप गन्ने से बनाया गया।

### बाजार में गन्ना बड़ी मात्रा में बिका गन्ना

जगह-जगह बड़ी मात्रा में बिक्री हेतु गन्ना रखे गए एवं त्यौहारों के कारण गन्ने की बिक्री महंगे दाम पर की गई। इसके अलावा बेर, मकुइया, सीताफल, सिंघाड़े, चने का साग सहित सभी सब्जियां भी बाजार में बिकी। पूरे भारतवर्ष में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को तुलसी पूजन का महत्व है इसलिए तुलसी की विशेष पूजा देखने को मिली।

### 3 दिसम्बर को आएगा परिणाम

# बढ़ा हुआ मतदान सभी प्रत्याशियों में बेचैनी, हार-जीत समय के गर्त में



**नौगांव, देशबन्धु।** बीते शुक्रवार को मतदान हुआ था ओर एक सपताह का समय बीत गया है तीन तारीख का हर किसी को इंतजार है न केवल प्रत्याशियों , विभिन्न राजनैतिक विशेषकों और जनमानष को किसके पक्ष में क्या परिणाम आयेगा। इस बीच इतना लंबा समय मिल गया है कि बेचैनी है रूकती नहीं। कौन हारेग और कौन जीतेगा इसका पता तो किसी को नहीं पर अपनी अपनी गणित और अपना समर्थन प्राप्त प्रत्याशी कम से कम तीन तारीख तक जीत की हुंकार भरते देखे जायेगे। बात अगर महाराजपुर विधानसभा की जाये तो यहां पर भाजपा, कांग्रेस, ,सपा, बहुजन चार पार्टियो के साथ आम आदमी पार्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। महाराजुपर विधानसभा में 72.68 प्रतिशत मतदान हुआ है कुल 1 लाख 71 हजार 27 मत इस विधानसभा में डले है और सबसे रौचक बता यह रही है जो बढ़ा हुआ मतदान है उसमें मध्य प्रदेश के अन्य जगहो की तरह महाराजपुर विधानसभा में भी महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ा है। अब यह महिलायें किसके पक्ष मे है और किसके विपक्ष मे है और पराम्परगत वोट कौन पार्टी अपना सहज पायी। किसमें विद्रोह हुआ और कौन सी तीसरी शक्ति इस पार्टी के मत को कितना विभाजित करके अपना वोट बैंक बना पायी ।यह सब कारण है जो हार जीत में निर्णायक भूमिका अदा करेगे।

### अपने अपने वादे व तर्क - सत्ता और विपक्ष के

जो मतदान प्रतिशत पिछलीबार की तरह इसबार बढ़ा खासतौर से मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला माना जाता है ।दोनों ही पार्टियां अपने अपने तर्क प्रस्तुत कर रही है बात अगर भाजपा की जाये तो उसका मानना है जो महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ा है वह हमे जीत की गारंटी देता है यह लाड़ली बहना का आशीर्वाद है। तो कांग्रेस इसे मंहगाई , भ्रष्टाचार के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश बताकर इसे अपने पक्ष का बता रही है लेकिन जहां पर त्रिकोणी और चौतरफा मुकाबला है वहां पर कोई भी पार्टी आश्वत नही है कि हमारा परिणाम क्या होगा इतना तय जीतेगा वही जिस पार्टी को हर मतदान केन्द्र व क्षेत्र में जिसे ज्यादा मत प्राप्त हुआ होगा। क्षेत्रबार किसी पार्टी को मिला मत, किसी में कम मिला किसी में नहीं मिला जो नही मिला कॉलम है वह पार्टी की हार जीत तय करेगा।

हार जीत का फैसला - नौगांव करेगा तय

जब इस क्षेत्र का चुनाव शुरू हुआ उसके पहले मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस तीसरी शक्ति बहुजन जो पिछले दो चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन कांग्रेस से बागी होकर साईकिल का हाथ थामने वाले प्रत्याशी का मैदान में आना सारे समीकरण को प्रभावित कर गया और जैसे जैसे चुनाव में साइकिल की गति बढ़ती गयी वैसे राजनीति के समीकरण भी बदलते गये। मतदान के एक सप्ताह तक सभी प्रत्याशी के लिये निर्णायक थे क्योकि अब मुकाबला त्रिकोणी हो चुका था और यह भी तय था। सरसेड़ से लेकर सिंहपुर तक मतदान केन्द्रो तक जो पार्टी अपनी ज्यादा मौजूदगी दिखायेगी वही जीत का सेहरा बांधेगी। बात अगर नौगांव की जाये पिछले चुनाव की अपेक्षा इसबार पर यहां भी तीन से चार प्रतिशत के करीब मतदान अधिक हआ है ।इसमे भी महिलाओं की संख्या अधिक है। चूंकि सपा प्रत्याशी का यह गढ़ था जो निश्चित तौर पर नगर के अधिकांश वार्डो में इस पार्टी ने भाजपा और कांग्रेस को प्रभावित किया ।अब किस पार्टी के वोट सपा के खाते में गये है नौगांव की जनता ने किसी आशीर्वाद दिया यह ईवीएम मे कैद है इनता तय है कि नौगांव से जो अच्छी बढ़त लेगा उसकी जीत में यह मत निर्णायक हो सकते है क्योकि हर जगह किसी न पार्टी का किसी न किसी से द्धंद देखा गया। संपूर्ण विधानसभा में नौगांव ऐसा क्षेत्र है जहां पर सबसे अधिक मतदाता थे बरहाल मन के हारे हार है मन के जीत जीत है तीन तारीख तक सभी अपनी जीत के प्रति आश्वत रखते है मत जनता दे चुकी है।

# शिल्पग्राम में लगी प्रदर्शनी में आकर्षक बनी घरेलू उपयोग की सामग्री

**छतरपुर, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के शिल्पग्राम में हस्तशिप प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें घरेलू उपयोग की सामग्री लोगों में आकर्षण का केंद्र है।

जानकारी के अनुसार समय समय पर केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी शासन के व्यय पर लगवाई जाती हैं। जिसमें हाथ से बनाई घरेलू उपयोग तथा साज-सज्जा की सामग्री विक्री के लिए रखी जाती हैं। जिसे देशी-विदेशी पर्यटक तथा स्थानीय लोग खरीद रहे हैं। जिससे हाथ से बनाई कलाकृतियों का कलाकारों को उचित दाम मिल जाता है, वहीं पर्यटन भी बढ़ जाता है। शिल्प एवं बुनाई महोत्सव के अंतर्गत शिल्पग्राम में लघु प्रदर्शनी लोगों को ऊनी ओर खींच रही है।यह प्रदर्शनी 26 नवम्बर तक चलेगी। यहां बता दें यह प्रदर्शनी पूरी तरह से फ्लॉप रही है। दरअसल प्रदर्शनी के आयोजन के बारे में प्रचार-प्रसार नहीं किया गया ।लोगों का कहना है कि विभाग का ये महज औपचारिक आयोजन होकर शासकीय राशि के अपव्यय और हस्तशिल्प कलाकारों के साथ



अन्याय के अतिरिक्त् कुछ नहीं है। जानकारी के अनुसार प्रदर्शनी में ग्राम धमना निवासी टेराकोटा कलाकार नोनेलाल प्रजापति की लगभग सभी स्टॉलों पर सामग्री आकर्षण का केंद्र है।

हस्तशिल्प सेवा केंद्र विभाग ग्वालियर से आये असिस्टेंट डारेक्टर संदीप पटेल ने बताया कि प्रदर्शनी में 25 कलाकारों को बुलाया गया है जिसमें 3 कलाकार बाहर से आये हैं। जबकि 23 कलाकार स्थानीय और आसपास क्षेत्र के हैं। श्री पटेल ने बताया कि आयोजन के लिए कम बजट होता है। इसलिए ये आयोजन फीका है, प्रचार-प्रसार के लिए हमारे पास कोई कनेक्शन नहीं था,इसमें शिल्पग्राम प्रबंधन ने हमें अपेक्षाकृत सहयोग नहीं किया है।

## कृषि छात्रों ने किया पोल्ट्री फार्म एवं पोल्ट्री फीड इंडस्ट्री इकाई का भ्रमण



**नौगांव, देशबन्धु।** शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव में टीकमगढ़ कृषि महाविद्यालय के बीएससी कृषि फाइनल ईयर के ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव हेतु 25 अध्ययन कर रहे। छात्रों को डॉ. कमलेश अहिरवार ( वैज्ञानिक उद्यानिकी) द्वारा सलीम खान पोल्ट्री फार्म एवं पोल्ट्री फीड इंडस्ट्री इकाई नौगांव का भ्रमण कराया गया जिसमे पोल्ट्री फार्म मेनेजर सलीम खान द्वारा बताया गया कि हमारे कृषि क्षेत्र में पोलेट्री किस प्रकार से बाजार का अभिन्न अंग है और पोल्ट्री फार्म को शुरू करने में कितना खर्च आता है एवं कितनी आमदनी होती है साथ ही पोल्ट्री फार्म में किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है विस्तार से बताया गया साथ ही सलीम खान ने अपने 35 साल का अनुभव को भी विस्तार से बतलाया उन्होंने बताया की यहाँ से उनका वयस्क/ खड़ा मुर्गा नौगांव, छतरपुर, सागर, कानपुर, झाँसी जैसे बहुत से शहरों में बिकता है लोग फार्म से ही ले जाते है तथा सलीम जी पोलेट्री फार्म के साथ साथ अपने फार्म पर मुर्गे के आहार बनाने की इंडस्ट्री भी लगाए हुए जिसका आहार अन्य शहरों में भेजते हैं जिससे अतरिक्त आमदनी प्राप्त होती है इसके अलावा फार्म पर ही मछली पालन , जैविक खेती जैसे हाइब्रिड गेंदा उत्पादन , केला की खेती एवं अरबी की खेती को भी उगाते है जिसकी बाजार में अच्छी डिमांड है जिससे अतरिक्त आमदनी भी प्राप्त होती है।

### विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट हुई लॉन्च

# कुलपति ने वेबसाइट को बताया सुरक्षित और जानकारी से परिपूर्ण




**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,छतरपुर की नई वेबसाइट को सरस्वती सभागार से कुलपति प्रो शोभा तिवारी ने एक सादे समारोह में लॉन्च किया है।नई वेबसाइट में विभिन्न प्रकार के तकनीकी फीचर दिए गए हैं।

यह वेबसाइट न्यू जनरेशन कोडिंग लैंग्वेज पर आधारित है। जिस कारण इसका सर्वर टाइम लेग नहीं होता है तथा इसे हैक कर पाना लगभग नामुमकिन है। वेबसाइट में विश्वविद्यालय की सभी विभागों की जानकारी, प्राध्यापकों की शोध संबंधी जानकारी तथा अन्य मुख्य लिंक जैसे की स्वयं पोर्टल एनपीटीईएल एचआरडी राज भवन, मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप आदि की जानकारियां मुख्य पेज पर ही उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियो के साथ साथ सभी वर्गों को सुविधा हो गई है।वेबसाइट मुख्यत: छात्रों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। छात्र सुविधा संबंधी सभी जानकारी के लिए एक स्टूडेंट सेक्शन भी बनाया गया है जिसमें छात्रों की परीक्षा, परिणाम ,प्रवेश, पत्र, छात्रवृत्ति ,विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम , टीसी, माइग्रेशन आदि की जानकारी दी गई है।इसकी सहायता से छात्र-छात्राएं आसानी से एक क्लिक में संबंधित जानकारी ले सकेंगे। वेबसाइट लॉन्चिंग के अवसर पर कुलपति प्रो शुभा तिवारी ने कहा कि यह वेबसाइट विश्विद्यालय को देश , विदेश में रिफ्लेक्ट करेगी तथा छात्र छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। वेबसाइट लांचिंग के अवसर पर कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल , परीक्षा नियंत्रक डॉ ममता बाजपेई , निदेशक शोध डॉ बी एस परमार ,डॉ पीके जैन , डॉ पीके खरे, डॉ एनपी प्रजापति , डॉ केके गंगेले , हिमांशु अग्रवाल , गिरिजेश जुयाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# अभिमत

*भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे।*

## इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश



लेखा रत्तनानी

पिछले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के बाक निन्ह प्रांत में अंतरराष्ट्रीय मैत्री पार्क में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया था। वियतनाम ने टैगोर के साथ अपने संबंधों को संजोया है और 1929 में हो ची मिन्ह शहर की उनकी तीन दिवसीय यात्रा को कई मायनों में पुनर्जीवित किया है जिसमें उनकी 'गीतांजलि' का अनुवाद शामिल है जिसे वियतनामी में 'लोई डांग' कहा जाता है। वियतनामी सरकार ने टैगोर के सम्मान में 80 के दशक में एक स्मारक डाक टिकट भी निकाला है। यूनेस्को ने सितंबर में शांति निकेतन में टैगोर द्वारा स्थापित आध्यात्मिक केंद्र और इसके भीतर विश्व भारती विश्वविद्यालय को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में विश्व भारती विश्वविद्यालय में लगाई गई पट्टिकाओं पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती का नाम है लेकिन संस्थापक और पहले एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर का कोई उल्लेख नहीं है।

जब सवाल उठे तो विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पट्टिकाएं अस्थायी हैं जिन्हें बदल दिया जाएगा। यह ठीक नहीं है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब विश्व भारती एक और विवाद में फंसा है क्योंकि यह शांति निकेतन से नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि अमर्त्य सेन का घर विश्वविद्यालय से संबंधित भूमि पर बनाया गया है। पीठ ने कहा, 'रिकॉर्ड और भौतिक सर्वेक्षण/सीमांकन से यह पाया गया है कि आपने विश्व भारती की 13 डिसमिल जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर रखा है।' एक डिसमिल मतलब 435.6 वर्ग फुट। नोटिस मिलने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने स्पष्ट किया कि उनके पिता आशुतोष सेन ने 1943 में विश्वविद्यालय से 125 डिसमिल जमीन लीज़ पर ली थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि अमर्त्य सेन को भाजपा की नीतियों की आलोचना करने की वजह से परेशान किया जा रहा है। ऐसा हो या न हो, लेकिन इस विवाद ने मई में टैगोर की 162वीं जयंती के समारोह और शांति निकेतन के उत्सव, इसकी ऐतिहासिक इमारतों, परिदृश्यों, उद्यानों, मंडपों, शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने की गरिमा को कम कर दिया है। कच्छ के हड़प्पाकालीन शहर धोलावीरा के बाद यह 41वां भारतीय स्थल है जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह की चूक को आसानी से ठीक किया जा सकता है। यह विवाद अपने आप में लोगों, आवाजों, विचारों, विचारधाराओं और दृष्टिकोणों की आलोचना करने, अवहेलना करने या अनदेखा करने की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जो 'उनके सांचे' में फिट नहीं होते हैं। थोड़ा इतिहास गायब है, एक संस्थापक का नाम एक स्मारक स्तंभ या पट्टिका पर छोड़ दिया गया है, पाठ्य पुस्तकों से नाम और युग छूट गए हैं। इस साल की शुरुआत में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा-12 के इतिहास के पाठ्यक्रम से मुगल काल से संबंधित कुछ हिस्सों को हटाने के अपने फैसले की घोषणा की थी। इस कदम की काफी आलोचना हुई थी और जवाब में एनसीईआरटी ने कहा था कि 'पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने' के लिए ऐसा किया तथा 'अतिव्यापी' और 'अप्रासंगिक' हिस्सों को हटा दिया गया।

हालांकि इनमें से कुछ उदाहरणों को जल्दबाजी या निरीक्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है उनमें से ज्यादातर 'जान-बूझकर' चयनात्मक भूलने की बीमारी के मामले प्रतीत होते हैं। खास तौर पर जब लोगों, विचारों और तर्कों की बात आती है जो वर्तमान सोच और मानसिकता के साथ फिट नहीं होते हैं। यह विशेष रूप से गुरुदेव टैगोर और महात्मा गांधी के साथ लगता है जिनके विचार और जीवन जीने का तरीका आज की धारणाओं के विपरीत है। विश्व भारती टैगोर की सोच का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व भारती की स्थापना दिसंबर 1921 में की गई थी और 1951 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व का एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और संस्थान घोषित किया गया। यह प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित एक आवासीय विद्यालय और कला का केंद्र है जो उस समय प्रचलित ब्रिटिश औपनिवेशिक शैक्षिक प्रणाली से अलग और उससे असहमत था। इसके बजाय विश्व भारती पूरे क्षेत्र के प्राचीन, मध्ययुगीन और लोक परंपराओं को चित्रित करते हुए एक एशियाई आधुनिकता को अधिक स्पष्ट देखता था।

भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर बाद में साहित्य सृजन करने के लिए यहां बस गए।

आज टैगोर और गांधी की दृष्टि तथा जीवन शैली एवं वर्तमान दृष्टिकोण के बीच की दूरी बढ़ रही है। हालांकि उनके नाम पर उत्साह के साथ किए गए प्रयास और कार्य जारी हैं लेकिन उस ऊर्जा का अधिकांश हिस्सा भारत के बाहर है। उदाहरण के लिए, 1920 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद द्वारा पेश किए गए 'गांधीवादी अहिंसा पर अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम: सिद्धांत और अनुप्रयोग' पढ़ाने वाले प्रोफेसरों ने पाया है कि पाठ्यक्रम ने यूरोप, उत्तर, मध्य और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और एशिया के देशों के छात्रों को आकर्षित किया है। इसी तरह ब्रुकिंग्स, एस डकोटा स्थित सत्याग्रह संस्थान द्वारा मेक्सिको और नाइजीरिया, घाना, गाम्बिया, सेनेगल जैसे अफ्रीकी देशों में आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या उल्लेखनीय है। कई प्रतिभागी ऐसे थे जिनके देशों में आन्तरिक संघर्ष और गृह युद्ध जैसे हालात हैं और वे अपने स्वयं के समाजों में बढ़ती हिंसा के बारे में एक आम चिंता साझा करते थे और महसूस करते थे कि इस समस्या को सुलझाना उनका कर्तव्य है। इनमें से अधिकांश लोग पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण से गहराई से प्रभावित हुए और अधिकतर लोग अब गैर सरकारी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं या अपने स्वयं के संगठन स्थापित कर चुके हैं। वे गांधीवादी परंपरा के अनुरूप रचनात्मक कार्य, अन्याय का प्रतिरोध और सभी प्रकार की हिंसा के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था।**

यहां भारत के नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था। उत्साह और जोश से भरी भीड़, जिनमें ज्यादातर प्रवासी थे, वैदिक मंत्र, टैगोर की संगीत रचनाओं का पाठ कर रहे थे। ये लोग उम्मीद जगाते हैं कि टैगोर की स्मृति और वे जिस चीज के लिए खड़े थे, वह ऐसे समय में जीवित रहेगी जब सीमाओं को मजबूत किया जा रहा है और बड़े संघर्ष चल रहे हैं। टैगोर और गांधी को पट्टिकाओं पर वापस लाने और इन दोनों को हमारे जीवन में वापस लाने का यह एक अच्छा समय हो सकता है।

*(लेखिका दी बिलियन प्रेस की मैनेजिंग एडिटर हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**18 नवंबर**
- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया गया।
- जम्मू-कश्मीर कुलगाम में आतंकी और सेना के बीच हुए मुठभेड़ में 9 आतंकी मारे गए।
- बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तूफान मिधिली को लेकर बंगाल ओडिशा सहित आठ राज्यों को अलर्ट जारी किया गया।
- केरल के एर्नाकुलम में ईसाई प्रार्थना सभा में हुए ब्लास्ट में मृतकों की संख्या छ: हो गई।

**19 नवंबर**
- लोकसभा में बहस के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक।
- मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- फिलीपींस ने रूसी सीमा पर 4 क्रासिंग प्वाइंट बंद किए।
- डीफेक मामले में प्रधानमंत्री की चिंता के बाद सरकार ने सोशल मीडिया को चेताया।

**20 नवंबर**
- गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विश्व क्रिकेट का सिरमौर बना।
- अजेंटीना के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुए।
- पाकिस्तान के सैन्य कार्रवाई में पश्चिमी कबायली जिले में 4 आतंकी मारे गए।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट स्टारशिप का दूसरा परीक्षण विफल हो गया।

**21 नवंबर**
- एक याचिका की सुनावई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंग ठीक नहीं।
- चुनाव आयोग ने चुनाव वाले राज्यों में 1760 करोड़ की शराब व नकदी जब्त की गई।
- गोवा में देश का 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरु हुआ।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल का अनावरण किया।

**22 नवंबर**
- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त की।
- झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है इसके साथ मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया।

**23 नवंबर**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीशचंद्र मुर्मू का वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया।
- इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालकू में 6.6 तीव्रता का भूकम्प आया।
- इजरायल ने चार दिवसीय युद्ध विराम पर सहमति दी।
- टीडीपी की पूर्व नेता एवं अभिनेत्री दिव्यवांगी कांग्रेस में शामिल हुईं।

**24 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीबी का निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री पर एक विवादित बयान के मामले में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस दिया।
- जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना और आतंकी के बीच हुए मुठभेड़ में पांच सैनिक शहीद हुए एवं दो आतंकी मारे गए।
- रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रही अभिनेत्री पोलिना मेक्सिख की यूक्रेन हमले में मौत हो गई।

## म्यांमार सैन्य शासकों के खिलाफ लड़ाई तेज होने से चीन और भारत पर असर

■ गिरीश लिंगन्ना

जब शनिवार को उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में भीड़भाड़ वाले संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थलों पर इजरायली हवाई हमले में 80 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, तो दुनिया असमंजस में दिख रही थी, क्योंकि वह अपने दक्षिण आक्रामक विस्तार की तैयारी कर रहा था, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों हजारों नागरिक शरणार्थियों के लिए भय पैदा हो गया।

हालांकि, यह दुनिया के ध्यान से बच गया, जब पिछले सप्ताह पड़ोसी म्यांमार के चीन राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गांव वुइलु में एक सैन्य जेट द्वारा एक स्कूल के बहुत करीब बमबारी में 11 लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें से आठ बच्चे थे- सभी की उम्र सात से 11 साल के बीच थी। इसी तरह दुनिया का ध्यान इस साल अक्टूबर की शुरुआत में चीनी सीमा के पास उत्तरी म्यांमार के काचिन राज्य में लाईज़ा शहर के पास आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बच्चों सहित कम से कम 29 नागरिक एक सैन्य हमले में मारे गए थे, तब भी नहीं गया था।

म्यांमार, 540 लाख लोगों का एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जो वर्तमान में कई सशस्त्र जातीय और लोकतंत्र समर्थक गुटों के साथ एक गृह युद्ध में उलझा हुआ है, जो सैन्य शासन से लड़ रहा है, और जिसने 2021 में अचानक तख्तापलट में एक निर्वाचित सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। मिजोरम में ज़ोखथार के सामने भारत की सीमा के करीब, सैन्य शासकों के खिलाफ लगातार प्रतिरोध हो रहा है, जिसे पिछले तीन हफ्तों में देश भर में विपक्षी ताकतों के हमलों में कई झटके लगे हैं। जवाबी कार्रवाई के लिए वह इस पर बहुत अधिक भरोसा वायु शक्ति पर कर रहा है, जबकि जातीय चीन राज्य के विद्रोहियों ने हाल ही में सीमावर्ती शहर रिखावदार पर कब्जा कर लिया है।

**म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना।**

शान राज्य में तीन जातीय सशस्त्र समूहों के गठबंधन की जबरदस्त सफलता ने म्यांमार के आसपास अन्य विपक्षी ताकतों को प्रोत्साहित किया है। म्यांमार के सैन्य शासन ने तख्तापलट विरोधी ताकतों द्वारा 'भारी हमलों' का सामना करने की बात स्वीकार की है, जिन्होंने पिछले महीने के अंत में एक समन्वित आक्रमण शुरू किया था, जिसमें कई सीमावर्ती कस्बों और दर्जनों सेना चौकियों पर नियंत्रण करने का दावा किया गया था। सेना ने देश की अधिकांश भारतीय सीमा पर भी नियंत्रण खो दिया है।

सरकार ने स्वीकार किया है कि उसके सैनिकों को पूर्व में काया राज्य, पश्चिम में राखीन राज्य और विशेष रूप से उत्तर में शान राज्य में सशस्त्र विद्रोही बलों से भारी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों ने गिराने के लिए 'सैकड़ों ड्रोन' तैनात किये हैं और सैन्य चौकियों पर बम मार रहे हैं। म्यांमार के सैन्य समर्थित राष्ट्रपति विनम्यिंट ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार शान राज्य में संघर्ष पर लगाम नहीं कस सकती तो देश को टूटने का वास्तविक और प्रबल खतरा है।

फिर से, इज़राइल-हमास संघर्ष के समान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जहां हाल की लड़ाई से करीब 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं और कम से कम 75 नागरिक मारे गये हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। गुटेरस ने सभी पक्षों से गैर-लड़ाकों और नागरिकों की रक्षा करने और मानवीय सहायता को प्रवेश की अनुमति देने की अपील की है।

म्यांमार तब से अराजकता और हिंसा में डूब गया है, जब सेना, जिसे तातमाडॉ के नाम से जाना जाता है, ने 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट किया और नागरिक नेता आंग सान सूकी और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली।

तख्तापलट ने सेना और नागरिक सरकार के बीच एक दशक से चले आ रहे सत्ता संघर्ष के चरमोत्कर्ष को चिह्नित किया, जो 2008 में सेना द्वारा तैयार किए गये संविधान के तहत सत्ता साझा कर रही थी। इस संविधान ने सेना को एक चौथाई संसदीय सीटें, तथा प्रमुख मंत्रालयों पर नियंत्रण प्रदान किया है। संवैधानिक संशोधनों पर सेना ने वीटो लगा दिया और सू की को उनके विदेशी पारिवारिक संबंधों के कारण राष्ट्रपति बनने से रोक दिया।

सैन्य जुंटा ने तख्तापलट को सही ठहराने के लिए नवंबर 2020 के आम चुनाव में व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, चुनाव आयोग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके दावों का खंडन किया, जिन्होंने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष माना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तख्तापलट की निंदा की, सेना पर प्रतिबंध लगाये और चीन और रूस जैसे प्रमुख सहयोगियों से संकट को समाप्त करने में मदद करने का आग्रह किया।

तख्तापलट के जवाब में, म्यांमार के लोगों ने बड़े पैमाने पर विद्रोह की और मांग की उनकी चुनी हुई सरकार की वापसी और उनके मानवाधिकारों का सम्मान किया जाये। जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं और सिविल सेवकों सहित समाज के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और शांतिपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल किया। हालांकि, सेना ने क्रूर बल के साथ जवाब दिया, अशांति को तीव्र कुचला और मानवाधिकारों का उल्लंघन किया।

सैन्य जुंटा ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए घातक और गैर-घातक बल का इस्तेमाल किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की जानें चली गई। बच्चों, पत्रकारों, डॉक्टरों, शिक्षकों और राजनेताओं सहित हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया। सेना ने जातीय सशस्त्र संगठनों को भी निशाना बनाया, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ, जिससे मानवीय संकट पैदा हो गया। क्रूरता के बावजूद, प्रतिरोध आंदोलन जारी है। अपदस्थ सांसदों और विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) नामक एक समानांतर सरकार बनाई है। जुंटा को उखाड़ फेंकने और संघीय लोकतंत्र स्थापित करने के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं, और उन्होंने सेना के दमन का मुकाबला करने के लिए एक गुरिल्ला सेना, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) की स्थापना की है। एनयूजीम्यांमार के लोगों की सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहता है।

जहां एक ओर म्यांमार उथल-पुथल का अनुभव कर रहा है, रोहिंग्या जातीय अल्पसंख्यक, मुख्य रूप से मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। मुख्य रूप से राखीन राज्य में रहने वाले रोहिंग्याओं को भेदभाव, नागरिकता से इनकार और उनके बुनियादी अधिकारों पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा है। हिंसा और सैन्य कार्रवाई ने कई रोहिंग्याओं को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर किया है, जिनमें से एक बड़ी संख्या बांग्लादेश और भारत में सुरक्षा की तलाश में है - मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल में।

चीन म्यांमार के मुख्य सहयोगियों में से एक है। कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि चीन की मंशा म्यांमार में उसके आर्थिक और रणनीतिक हितों में निहित है, जिसमें संसाधनों तक पहुंच, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और प्रमुख व्यापार मार्गों पर नियंत्रण शामिल है। तख्तापलट के लिए चीन के समर्थन ने लोकतंत्र समर्थक नेताओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जो उसके रुख को सेना के दमन को सक्षम करने वाला मानते हैं।

पिछले सप्ताह भारत को म्यांमार की सेना की अप्रत्याशित सहायता मिली जब उसने अपने 46 सैनिकों को मिजोरम में प्रवेश करने की अनुमति दे दी। सैनिक चीन राज्य में लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों से बचने की कोशिश कर रहे थे जिन्होंने मिजोरम सीमा से परे उनके शिविरों पर कब्ज़ा कर लिया था। यह, शायद, पहली बार था कि भारत ने अपनी धरती पर लड़ाई से भाग रहे किसी अन्य देश की सेना के सैनिकों को बचाया है, जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए म्यांमार में सैन्य शासन के साथ सहयोग करने की नई दिल्ली की बढ़ती इच्छा को दर्शाता है।

म्यांमार के पड़ोसी के रूप में, भारत ने संकट और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। भारत के पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में शरणार्थियों की आमद ने स्थानीय संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव डाला है, जिससे मानवीय सहायता की आवश्यकता हुई है। म्यांमार तख्तापलट का कड़वा प्रभाव भारत में महसूस किया गया है क्योंकि फरवरी 2021 तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 40,000 से अधिक चीन राज्य के शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली है।

म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना और उनके अधिकारों और सुरक्षा को सुरक्षित करना है। इन मुद्दों को सामूहिक रूप से संबोधित करके ही, म्यांमार और क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण और स्थिर भविष्य की आशा की जा सकती है।

## पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य

■ डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

त्यौहारों के आनंद, हर्षोल्लास और आमोद-प्रमोद के बीच कुछ देर ठहरकर यह विचार करना रोचक हो सकता है कि आखिर हम त्यौहार मनाते क्यों हैं? इसलिए कि परम्परागत रूप से ऐसा चला आ रहा है? हमारे मां-बाप को हमने ऐसा ही करते देखा है और उन्होंने भी अपने मां-बाप को ऐसा ही करते देखा था। अगर मां-बाप को याद न भी करें तो आस-पास वाले मना रहे हैं इसलिए हम भी मना लेते हैं। अनुकरण सहज मानवीय प्रकृति है और जो अच्छा है, सुखद है, उसका अनुकरण करने में कुछ सोचने की ज़रूरत ही कहां है?

जो लोग पढ़े-लिखे हैं या जिज्ञासु वृति के विचारवान हैं, वे शास्त्रों और किताबों को खंगालते हैं और त्यौहारों के उद्गम और उनकी परम्परा तक जा पहुंचते हैं। वे इस बात की पड़ताल करते हैं कि किसी त्यौहार की शुरुआत कब और कैसे हुई तथा कालांतर में उसके स्वरूप में क्या परिवर्तन हुए। इन सब में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बग़ैर किसी ना-नुकर के खुश होकर त्यौहार मनाते हैं, अपनी खुशियों में औरों को शामिल करते हैं, औरों की खुशी में खुद शामिल होते हैं। खुशी मनाने के मामले में ये तनिक भी कृपण नहीं होते और किसी को अलग रखने की बजाय सबको शामिल करने में और सबके साथ जुड़ जाने में विश्वास करते हैं।

ऐसे लोगों को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह त्यौहार इसका है और यह त्यौहार उसका है। ये लोग सही अर्थों में वसुधैव कुटुम्बकम के समर्थक होते हैं। त्यौहार हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन सारी दुनिया तो एक जैसी नहीं होती। बहुत सारे लोग ऐसे भी हमारे चारों तरफ़ हैं जो 'उनकी' खुशी और 'हमारी' खुशी में अंतर करते हैं। 'उनका' त्यौहार हम क्यों मनाएं और 'हमारे' त्यौहार में वे क्यों शामिल हों? ऐसे लोग बहुत बारीकी से पड़ताल करते हैं और हर बात में मीन-मेख निकालते हैं।

**त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है।**

यह बात और भी आगे बढ़ती है। त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों पर भी खूब विवाद होते हैं, बहसें होती हैं। अब यह तो बहुत सामान्य बात है कि दुनिया में चीज़ें हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। बदलाव होते हैं। आज से सौ बरस पहले कोई त्यौहार जैसे मनाया जाता था, आज वैसे नहीं मनाया जाता। पहले दिवाली पर घी या तेल के दिये जलाए जाते थे, आज यह काम प्रतीक रूप में करके बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। पहले बड़े बल्बों से रोशनी की जाती थी, अब छोटे और बहुत कम ऊर्जा खाने वाले बल्ब चलन में आ गए हैं।

हमने सहज भाव से इन बदलावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन जिन्हें विवाद प्रिय हैं वे इन बातों में भी विवाद के मौके तलाश लेते हैं। अगर बल्ब का प्रयोग किया जा रहा है तो यह देखना ज़रूरी होने लगा है कि उसका उत्पादन किस देश में हुआ है। आपकी खुशी को आपकी देशभक्ति के साथ नत्थी कर दिया जाता है। वैसे यह नत्थीकरण भी बहुत सेलेक्टिव होता है। सरकारी स्तर पर और बहुत बड़े पैमाने पर भले ही इस तरह की देशभक्ति की पड़ताल न की जाती हो, छोटे लोगों को इस खुर्दबीन के नीचे रखकर परखा जाता है।

यह सब अकारण होता हो ऐसा भी नहीं है। इस सबके पीछे बड़ी ताकतें बहुत चालाकी से अपना खेल खेलती हैं। इस बात को ऐसे समझें - त्यौहारों पर हमारे यहां मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा है। हम सबको इसमें आनंद मिलता है। मिठाइयों के स्वरूप में बहुत बदलाव आए हैं। कल तक जो मिठाइयां चलन में थीं वे आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त हो गई हैं और उनकी जगह नई, चमकदार और महंगी मिठाइयों से बाज़ार पट गया है। मिठाइयों को विस्थापित करने के प्रयत्न भी कम नहीं हुए हैं। आपकी सेहत की फ़िक्र को आगे करके मिठाइयों की लड़ाई मेवों से करवा कर उनके बाज़ार को मज़बूत किया गया है।

मिठाइयों के कच्चे माल में मिलावट की बात को रेखांकित करके चॉकलेट को प्रचारित और स्थापित किया गया है। इस बात को समझने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि मिठाइयों के विस्थापन और चॉकलेट के प्रतिस्थापन में किसका और कैसा हित निहित रहा होगा। जो संगठित हैं और शक्तिशाली हैं, वे असंगठित और अपेक्षाकृत कमज़ोर को पराजित करेंगे ही। हमारे देखते-ही-देखते पारम्परिक हलवाई के पेट पर लात मारकर मेवों और चॉकलेट को उनकी जगह स्थापित कर दिया गया है।

ऐसा ग़रीब-नवाज़ मिठाइयों को लेकर भी किया गया। एक ताज़ा उदाहरण सोन पापड़ी का है। उसे लेकर जितने लतीफ़े बने, उसका जितना उपहास किया गया, क्या वह सब आकस्मिक था? क्या उसके पीछे कोई बड़ा खेल नहीं था? बेशक हमारे यहां मिलावट का कारोबार खूब होता है और कोई भी उसका समर्थन नहीं करेगा, लेकिन समझने की बात यह है कि यह हल्ला केवल उसी समय किया जाता है जब ऐसा करने से किसी का लाभ होता हो।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है। देखने की बात यह भी है कि बाज़ार हमारे पूरे सोच और हमारी जीवन-शैली पर इतना हावी हो गया है कि कभी-कभी तो हमें लगता है कि त्यौहार के लिए बाज़ार नहीं है, बाज़ार के लिए ही त्यौहार है।

इधर जैसे-जैसे हमारी समझ और संवेदनशीलता में वृद्धि हुई है हम बहुत सारी बातों पर विचार करने लगे हैं। कोई त्यौहार मनाने का तरीका अगर अनुचित है तो उसकी तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाने लगा है। इसमें कोई हर्ज़ भी नहीं है। आपको कहीं जाना है तो आप रास्ता बदलकर भी जा सकते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ती जा रही है, हम वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के बारे में सोचने लगे हैं। अगर जलस्रोत छीजते जा रहे हैं तो हम पानी बचाने के बारे में सोचने लगे हैं। यह सब समय की मांग और हमारी विवेकशीलता का परिचायक है, लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि समाज का एक तबका परम्परा निर्वाह के नाम पर इन चिंताओं का कटु और साम्प्रदायिक विरोध करने लगता है।

इतना तो स्वीकार्य है कि कोई किसी की बात से सहमत न हो, लेकिन इससे किसी की नीयत पर ही संदेह करें और उसे धार्मिक-साम्प्रदायिक चश्मे से देखने लगें, यह बहुत पीड़ादायक है। दुर्भाग्य से हमारे समय में ऐसा बहुत हो रहा है। जब हवाओं में पहले से इतना ज़हर घुला हो कि सामान्य रूप से सांस भी लेना दूभर हो गया हो तब पटाखे चलाकर त्यौहार मनाना कहां की समझदारी है? जब लोगों को पीने के लिए पानी मिलना भी कठिन होता जा रहा हो तब अगर कोई पानी बचाने की गुहार लगाए तो उसका बुरा क्यों माना जाना चाहिए? किसी विवेक-सम्मत बात के विरोध में धर्म का झण्डा बुलंद करना और फिर बीच में किसी और धर्म को ले आना किस तरह की धार्मिकता है?

इधर एक और प्रवृत्ति देखने में आने लगी है जो बहुत चिंताजनक है। हम अपने धर्म, अपनी परम्पराओं को छोड़कर दूसरों के धर्म, उनकी परम्पराओं पर प्रतिकूल, बल्कि कटु टिप्पणियां करने में खुशी का अनुभव करने लगे हैं। 'वे' ऐसा क्यों करते हैं? आप अपनी बात नहीं करेंगे, नहीं करने देंगे, लेकिन दूसरों की बात बहुत बढ़-चढ़कर करेंगे। यह प्रवृति निंदनीय और घातक है। इससे बचा जाना चाहिए।

*(वरिष्ठ लेखक और स्तंभकार हैं।)*

### अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# रिपोर्ट को हम नहीं मान सकते सच

- अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है सेबी : सुप्रीम कोर्ट
- याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर शुक्रवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर कहा कि इसे सत्य बयान के तौर पर नहीं मान सकते हैं। इसकी सच्चाई को परखने और जांचने का कोई साधन नहीं है। इसीलिए हमने सेबी को इस मामले की जांच करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्य के तौर पर सही मानने की जरूरत नहीं है। सेबी इस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सेबी अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बेंच के सामने से पढ़ने से रोक दिया।

वहीं इससे पहले हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित एक्सपर्ट कमेटी को ग्रुप के खिलाफ जांच में कोई सबूत नहीं मिले थे। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अडानी ग्रुप द्वारा शेयर की कीमत में मैनिपुलेशन के कोई सबूत नहीं मिले हैं। जांच कमेटी ने सेबी की 4 रिपोर्टस का हवाला दिया गया था।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार और सेबी को भविष्य में निवेशकों के नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्य कारणों में से एक जिसके कारण हमें हस्तक्षेप करना पड़ा। वह शेयर बाजार की अत्यधिक अस्थिरता है जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने मेहता से पूछा, अब, शॉर्ट सेलिंग के कारण इस तरह की अस्थिरता से बचाने के लिए सेबी क्या करना चाहती है, जिससे निवेशकों का नुकसान होता है। मेहता ने कहा कि शॉर्ट-सेलिंग से जुड़े मामलों में कानून के मुताबिक सेबी कानूनी कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि जहां भी हमें शॉर्ट सेलिंग दिखेगी, हम कार्रवाई करेंगे और हम कार्रवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर भी कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आप अदालत से बिना किसी सबूत के एसबीआई और एलआईसी की जांच का निर्देश देने के लिए कह रहे हैं। क्या आपको इस तरह के निर्देश के प्रभाव का एहसास है। क्या यह कॉलेज में होने वाली कोई बहस है। पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## अब तक कुल 6 याचिकाएं दायर

मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की थी। इसके साथ ही इस मामले में मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की थी। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया था जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया था। उन्होंने एलआईसी और एसबीआई की अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी, आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपने वकीलों रूपेश सिंह भदौरिया और महेश प्रवीर सहाय के जरिए ये याचिका दाखिल कराई थी। एक और याचिका दायर की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल ने नई कमेटी बनाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि कमेटी में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया जाए, जिनकी छवि बेदाग हो और इस केस से कोई लेना-देना न हो। विशाल तिवारी ने सेबी की रिपोर्ट में देरी के कारण एक और याचिका दायर की थी। इसमें अवमानना कार्यवाही की मांग की गई थी। कहा था कि सेबी को दी गई समय सीमा के बावजूद वह अदालत के निर्देशों का पालन करने में विफल रही है।

### याचिकाकर्ता ने सेबी पर भी उठाए सवाल

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में सेबी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पास 2014 से ही इस मामले की पूरी जानकारी थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि खुफिया निदेशालय ने साल 2014 में ही सेबी के साथ पूरी जानकारी साझा की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान कोर्ट ने सवाल किया कि सेबी की जांच पर संदेह करने के लिए साक्ष्य कहां हैं? इस पर वकीलों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को परखा, दी हिदायत

# कभी बिजली गुल न हो, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहें



### डाक मतपत्र से शुरू होगी वोटो की गिनती

विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। इसके पहले सुबह 8.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी।

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के मददेनजर मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंनें मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं को परखा, श्री राजन को कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

श्री राजन ने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। मतगणना स्थल के निरीक्षण के पश्चात कलेक्ट्रेट के कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ईवीएम के लिए बनाए गए वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा निर्वाचन के पश्चात ईवीएम के रखने के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

श्री राजन को सीहोर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं श्री राजन ने केन्द्रीय विद्यालय बैंक नोट प्रेस देवास में बनाए गए, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। मतगणना स्थल परिसर में रुके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने देवास जिले में मतगणना स्थल केंद्रीय विद्यालय, बैंक नोट प्रेस देवास में जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।

श्री राजन ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। श्री राजन ने इंदौर के 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा।

उन्होंने मतगणना टेबलों, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। श्री राजन ने मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्था को देखा। मतगणना स्थल परिसर में स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए मौजूद अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त इंदौर मालसिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा-कांग्रेस ने विभूतियों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

## स्व. कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड का आयोजन



### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद पर विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल के 74 बंगला स्थित बी-30 निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए और सुंदरकांड में भी शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विजय अटवाल और गिरीश शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### प्रदेश कार्यालय में भी जोशी को किया याद

भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। इसके पहले सांसद श्री शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जोशी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान प्रदेश कार्यालय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर और प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## गुरु तेग बहादुर, स्व. जोशी का किया पुण्य स्मरण



### पं. सीतारमैया को जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** सिख समाज के गुरु तेग बहादुर, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की पुण्य तिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जहां पुण्य स्मरण किया, वहीं पंड़ित सीतारमैया को भी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कांग्रेसजनों ने यहां तीनों विभूतियों को याद करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नौवें गुरु थे। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। देवास जिले की बागली विधानसभा के विधायक रहे कांग्रेस नेता दीपक जोशी के पिता पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने पुण्य स्मरण किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गांधीवादी, प्रख्यात आचार्य एवं मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल आधुनिक भारत के विचारक डॉ. पंडित सीता रमैया ने देश और प्रदेश में अनेकों सराहनीय कार्य किए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, जे.पी. धनोपिया, महामंत्री चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, संतोष सिंह परिहार, जितेन्द्र मिश्रा, राजकुमार सिंह, हाकिम सिंह प्रताप भानु सिंह, डॉ. ज्योत्सा खरे, धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, सतपाल सिंह, कप्तान सिंह, ओमकार सिंह तोमर, जतिन्दर पाल सिंह राजा, आशीष चौबे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत

# पन्ना जिला निर्वाचन अधिकारी को हटाने की मांग



**पन्ना, देशबन्धु।** कांग्रेस ने जिला निवार्चन अधिकारी और कलेक्टर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में पूर्व मंत्री मुकेश नायक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया है। श्री नायक ने कहा कि पन्ना जिले में 260 यात्री बसें अधिग्रहित की गई थी, साथ ही 208 चार पहिया वाहन भी चुनाव ड्यूटी में लगाए गए थे। इसी अलावा 3 सौ से ज्यादा अतिथि शिक्षकों की निर्वाचन कार्य में सहयोग के लिए एकाएक ड्यूटी लगाई गई थी। पन्ना जिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यात्री बसों के लगभग 5 सौ से अधिक चालक, परिचालक और 3 सौ से ज्यादा अतिथि शिक्षकों को मतदान करने के कोई प्रबंध नहीं किए गए, वे मतदान से वंचित रहे। चालक, परिचालक और अतिथि शिक्षकों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों से मतदान करने की मांग करने के बावजूद उनके साथ अनदेखी की गई। जिससे लगभग 8 सौ से ज्यादा व्यक्ति मताधिकार से वंचित हो गए। ज्ञापन देते समय प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया सहित अन्य कांग्रेसजन भी उपस्थित थे।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श के खिलाफ मामला दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श के हाथों में बियर और पैर के नीचे विश्व कप ट्रॉफी रखे जाने से आहत होकर एक आरटीआई कार्यकर्ता ने थाने में तहरीर दी है. जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मिशेल मार्श ने ट्रॉफी पर पैर रखकर उसका अपमान किया है।

आरटीआई कार्यकर्ता पंडित केशव देव ने अपनी शिकायत में लिखा है कि इंटरनेट पर उन्होंने एक फोटो देखी थी. जिसमें आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श का विश्व कप की ट्रॉफी के ऊपर पैर रखे हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे देश के 140 करोड़ लोगों के सम्मान को ठेस पहुंची है. जिसके बाद उन्होंने थाना देहली गेट में मिशेल मार्श के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है. साथ ही भारत के साथ उनके मैच पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई है। विश्व कप का फाइनल मुकाबला जीतने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस को ट्राफी देकर सम्मानित किया था. मगर मिशेल मार्श ने इसका अपमान कर दिया. यह देखकर हर किसी को बहुत पीड़ा हुई यह अपराध की श्रेणी में आता है. ऐसे में मिशेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/353 सागर दिनांक 21/11/2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1021/23-24 | तिली | रजि., खसरा, आधार, श.प. टै.र. | शितिन, अमान एवं अयान वल्द ताहिर अली | राजीव पिता प्रेमचन्द केशरवानी |
| 2. | 1022/23-24 | शिवाजी | ख., बै., शपथ पत्र | तेजाबाई पति रामप्रसाद पटैल | हरीराम पिता द्वारका प्रसाद पाण्डे |
| 3. | 1023/23-24 | शिवाजी | ख., करनिर्धा., टै.र. | उदय पिता यादवराव खेर | अदिति पति उदय खेर |
| 4. | 1024/23-24 | जवाहरगंज | मृ. प्र. प., टै. र., शपथ पत्र | स्व. गिरधारी पिता स्व. कुन्दनलाल जैन | संजय कुमार पिता स्व. गिरधारीलाल, पत्नि-पुष्पाबाई जैन, पुत्रीयॉ 1. श्रीमति अनीता पति धर्मेन्द्र, 2. श्रीमति सुनीता पति राजेश एवं 3. अमीना पति वीरेन्द्र जैन |
| 5. | 1025/23-24 | बाघराज | ख. करनिर्धा., टै. र., रजि. | नन्दलाल जोहरी, सिंह इन्फ्रा., प्राई., लिमिटेड | बब्लू पिता बालकिशन पटैल |
| 6. | 1026/23-24 | शिवाजी | शपथ पत्र, रजि. | भानु पति अनिल यादव | रामवती पति जगदीश पटैल |
| 7. | 1027/23-24 | तुलसीनगर | बै., श. प., टै. र., मृ. प्र. प. भ. अनु. | स्व. फैज मुहम्मद | जमील वल्द स्व. फैज मुहम्मद, हज्जो पति स्व. फैज मुहम्मद एवं नफीसा पुत्री स्व. फैज मुहम्मद |
| 8. | 1028/23-24 | अम्बेडकर | खसरा, आधार, शपथ पत्र, रजि. | 1- प्रदीप कुमार जैन, 2- दीपक कुमार जैन मे. चौधरी बिल्ड, एण्ड डेब्ल. | हीरामणि पति स्व. पुरूषोत्तम एवं अपर्णा पुत्री स्व. पुरूषोत्तम विश्वकर्मा |
| 9. | 1029/23-24 | अम्बेडकर | खसरा, आधार, शपथ पत्र, रजि. | रोशन पिता अशोक साहू | सुलभ/ सुनीत कुमार कण्डया |
| 10. | 1030/23-24 | लाजपतपुरा | मृत्यु प्रमाण- पत्र, शपथ पत्र, आधार | स्व. मो. अकबर अली | आफताब अकबर वल्द स्व. मो. अकबर कुरैशी, शादाब अकबर पुत्र फरूल, नाज कुरैशी (पुत्री) रूबा, नाज कुरैशी पिता स्व. मो. अकबर कुरैशी |

**कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**


### प्रथम पृष्ठ का शेष

**बकाया वेतन मांगा तो दलित....** भावेश मकवाना के साथ कंपनी में गया था। इसी दौरान उसके साथ मारपीट की गई नीलेश की उम्र 21 साल बताई जा रही है एफआईआर के अनुसार, ओम पटेल- जिसने अपने आपको विभूति का भाई बताया, ने भी नीलेश के साथ मारपीट की। इसके अलावा कंपनी प्रबंधक परीक्षित पटेल सहित अन्य 4 लोगों ने छत पर ले जाकर बेल्ट से नीलेश की पिटाई की। नीलेश का आरोप है कि विभूति पटेल ने उसे अपनी चप्पल मुंह में लेने के लिए मजबूर किया और माफी मांगने को कहा। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर पुलिस को शिकायत की तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ सकता है। उसने जान से मारने की धमकी भी दी।

**देशभर में अगले हफ्ते तक....** कई जिलों में सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में मध्यम से भारी बारिश हुई। इसके अलावा कर्नाटक, लक्षद्वीप और आंध्र प्रदेश के तटीय भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई।

# अफगानिस्तान ने भारत में अपना दूतावास स्थायी रूप से बंद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने राजनयिक मिशन को बंद करने पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए अफगान दूतावास ने कहा, भारत सरकार की लगातार चुनौतियों के कारण दूतावास को बंद करने का फैसला लिया गया है. यह निर्णय अफगानिस्तान दूतावास की तरफ से 30 सितंबर को परिचालन बंद करने के बाद लिया गया. यह कदम इस उम्मीद में उठाया गया कि मिशन को सामान्य रूप से संचालित करने के लिए भारत सरकार का रुख अनुकूल रूप से बदल जाएगा।

दूतावास ने अपने बयान में कहा कि भारत में अफगान नागरिकों के लिए, दूतावास हमारे मिशन के कार्यकाल के दौरान उनकी समझ और समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त करता है. दूतावास ने कहा है कि काबुल के निर्देशों और फंडिंग पर काम करने वाले कुछ वाणिज्य दूतावास किसी वैध या निर्वाचित सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप नहीं हैं, बल्कि एक अवैध शासन के हितों की सेवा करते हैं. इसमें कहा गया है, हम अफगान समुदाय को आश्वस्त करते हैं कि मिशन पारदर्शिता, जवाबदेही और भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों को ध्यान में रखते हुए, अफगानिस्तान की हितों के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया गया है।

अभी तक, भारत में अफगान गणराज्य का कोई राजनयिक नहीं है. राष्ट्रीय राजधानी में सेवा करने वाले लोग सुरक्षित रूप से तीसरे देशों में पहुंच गए हैं, दूतावास ने अपनी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत में मौजूद एकमात्र व्यक्ति तालिबान से जुड़े राजनयिक हैं, जो उनकी नियमित ऑनलाइन बैठकों में भाग ले रहे हैं. इसमें आगे कहा गया कि अफगान गणराज्य के राजनयिकों ने मिशन को पूरी तरह से भारत सरकार को सौंप दिया है. अब यह भारत सरकार पर निर्भर करता है कि वह मिशन के भाग्य का फैसला करे, चाहे इसे बंद रखा जाए या इसे सौंपने की संभावना सहित विकल्पों पर विचार किया जाए. इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान द्वारा नियुक्त राजनयिकों की जिम्मेदारी आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गई है. गणतंत्र मिशन का दुर्भाग्यपूर्ण अंत, भारत में अफगान गणराज्य के समापन का प्रतीक है।

विशेष रूप से, अफगान दूतावास ने तालिबान शासन द्वारा संसाधनों की कमी और अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में विफलता का हवाला देते हुए 1 नवंबर को अपने संचालन को बंद करने की घोषणा की. बयान में आगे कहा गया कि हमने इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए ऐतिहासिक घटनाओं और वर्तमान परिस्थितियों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है. हम पिछले 22 वर्षों में अफगानिस्तान को उनके समर्थन और सहायता के लिए भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. हम लोगों की सेवा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं. अफगानिस्तान इस चुनौतीपूर्ण समय में हमारे राष्ट्र का समर्थन करने के रास्ते तलाशना जारी रखेगा।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पॉलिसी संख्या के 357437195 जीया जैन D/O अमित कुमार जैन के नाम पर जारी की गई थी, जो कि मेरी पुत्री का घर का नाम था, अब उसके समस्त दस्तावेजों में उसका नाम जोशिता जैन D/O अमित कुमार जैन है। जिसे मैं अपनी पुत्री की पॉलसी में सुधार करवाना चाहता हूं। जिस किसी को भी आपत्ति हो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर सबूतों सहित शाखा कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करायें।

**भवदीय**
**अमित कुमार जैन शाहगढ़**
**मोबाइल नंबर 7987352714**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं निशांत देसाई आयु 34 साल पिता श्री श्रीकांत देसाई निवासी देसाई रेसीडेंसी, देसाई फार्म, बाघराज वार्ड सागर तह0 वा जिला सागर म.प्र निम्न कथन करता हूँ -
1. यह कि मैं देसाई फार्म नियर देसाई रेसीडेन्सी, बाघराज वार्ड सागर, तह0 व जिला सागर म.प्र. का स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मुझे पासपोर्ट बनवाना है। 3. यह कि मेरी कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम निशांत एस. देसाई लिखा हैं, तथा मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम निशांत देसाई हैं। 4. यह कि मेरे अन्य दस्तावेज के आधार पर मुझे जाना वा पहचाना जावें, जो सही वा सच है। जो आधार कार्ड, पेन कार्ड में लेख है।

सागर दिनांक-
01.11.2023 जितेन्द्र सिंह राजपूत
नोटरी
सागर (म.प्र.)

### मलेरिया विभाग सहित नगर पालिका की दिखाई दे रही है उदासीनता

# शहर में डेंगू के मरीज का आंकड़ा पहुंचा 95 के पार




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में डेंगू के मरीज का आंकड़ा 109 के पार पहुंच चुका है, इसमें शहर में ही 95 मरीज़ के ऊपर डेंगू के मरीज सामने आए हैं। यह जानकारी मलेरिया विभाग अधिकारी एचएम रावत द्वारा दी गई है। डेंगू को लेकर जहां मलेरिया विभाग उदाशीनता रवैया बनाए हुए हैं, तो वहीं नगर पालिका भी पीछे नहीं है। नालियों की नियमित सफाई न होने से मच्छर पनप रहे हैं और दवाई की छिड़काव ना होने से भी वह समस्या उत्पन्न हो रही है जब संबंध में मलेरिया विभाग अधिकारी रावत से बात की गई। उनके द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा नगर पालिका से दो कर्मचारी मांगे गए थे, उनके द्वारा शहर में फॉगिंग मशीन चलाई जानी थी, साथ ही उनके द्वारा बताया गया कर्मचारियों की कमी के कारण मशीन नहीं चलाई जा पा रही है। जहां मरीज़ आ रहें हैं, वहां पर प्राथमिकता से छिड़काव और फॉगिंग मशीन चलाई जा रही है। जब इस संबंध में नगर पालिका अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना है कि उनके द्वारा दो कर्मचारी दिए गए हैं, लेकिन जब इस बात की गहन तरीके से पड़ताल की गई और जानकारी में आया कि वह कर्मचारी मलेरिया विभाग पहुंचे ही नहीं। इस वजह से यह काम और प्रभावित हो रहा है। हालांकि कल तक कर्मचारियों की पहुंचने की बात कही गई है, लेकिन इन विभागों की लापरवाही की चलते काफी संख्या में मासूम बच्चे डेंगू की चपेट में आए हैं। इसको लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए और उचित कार्यवाही करनी चाहिए शहर में नालियों की सफाई समय पर हो और दवा का छिड़काव होता रहे तो यह संख्या कम हो सकती है और कुछ लोग इसकी चपेट में आने से बच भी सकते हैं।

### सार्वजनिक पेशाब घरों की दुर्दशा

नगर के मुख्य पेशाब घरों की दशा नरकीय बनी हुई है। मुख्य चौराहों में गांधी चौराहा, कटरा बाजार, पुराना बस स्टेंड, स्टेट बैंक चौराहा, लक्ष्मी टाकीज मार्ग पर नगर पालिका द्वारा पेशाब घर तो बनाए गए हैं, लेकिन सफाई धुलाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पानी की टंकिया न बनी होने के कारण यहां के दुकानदारों एवं राहगीरों को यूरिक एसिड सहित अन्य सक्रांमक बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इतना ही नहीं संयुक्त कार्यालय में ही वरिष्ठ अधिकारियों ने अब तक निरीक्षण नहीं किया है और न ही यहां बने पेशाबघरों की खबर ली है। गंदगी और बदबू के कारण यहां आने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाक्टरों की मानें तो यह बीमारियां आगे चलकर जानलेवा तक साबित हो सकती हैं। चौंकाने वाली बात तो यह है कि यहां गांधी चौराहे के पास बने पेशाब घर से गंदगी निकासी के ही उपाय नहीं हैं, जिस कारण नजरबाग मंदिर और मजार पर आने वालों को असुविधा होती रही है। इसी प्रकार कोतवाली के बाहर खड़े कर्मचारियों एवं आम नागरिकों पर बदबू के कारण मुश्किलें होती रही है। यहां बनी दुकानों पर आने वाले बीमारियां लेकर जा रहे हैं। नाली बंद रहने के कारण कटरा, गांधी चौराहा सहित अन्य इलाकों पर नालियां बजबजा रही हैं।

# रिश्वतखोर पटवारी को 4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा



**टीकमगढ़, देदशबन्धु।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम टीकमगढ़ मप्र मनोज कुमार ने रिश्वत के एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी पटवारी को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में पैरवीकर्ता संदीप सरावगी, विशेष लोक अभियोजक पीसी एक्ट टीकमगढ़ रहे। बताया गया है कि आरोपी का नाम राम चरण सौंर पिता स्व. हरजू सौंर, उम्र 50 वर्ष है। आरोपी तत्कालीन पटवारी हल्का नं 12 ग्राम पंचायत टीला जिला निवाड़ी में पदस्थ रहा है। बताया गया है कि निवासी बार्ड क्रमांक 04, बिन्दपुरा पृथ्वीपुर जिला टीकमगढ़ रामचरण सौंर को सजा सुनाई गई है। उक्त मामले में जानकारी देते पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी ने बताया कि मामला लोकायुक्त का होकर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मनोज कुमार के न्यायालय में विचाराधीन था। उक्त प्रकरण में न्यायालीय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी रामचरण सौंर को रिश्वत मांगने व लेने के अपराध में दोष सिद्ध ठहराते हुए धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अपराध में क्रमश: 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। घटना के संक्षिप्त विवरण में बताया गया है कि प्रकरण में फरियादी आवेदक केशवेंद्र सिंह निवासी ग्राम पुरबाघाट तहसील व जिला निवाड़ी ने दिनांक 27 जून 2016 को लोकायुक्त कार्यालय सागर में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया कि उसकी मां श्रीमती शीलादेवी ने उसके भतीजे के नाम से कृषि भूमि खरीदी थी, जिसका नामांतरण मां ने स्वयं के नाम पर करवाने के लिये उसे पटवारी रामचरण सौंर के पास भेजा था, तो उसने असल रजिस्ट्री नामांतरण हेतु पटवारी को दी इसके कुछ दिन बाद उसने नामांतरण हेतु पटवारी से बात की तो उसे नामांतरण हेतु 5 हजार रूपये की मांग की तो उसने तुरंत 15 सौ रूपये पटवारी को दे दिये एवं 3 हजार रूपये और लेकर आने को बोला। उक्त बात उसने अपनी मां को बताई तो उन्होंने रिश्वत देने से मना किया फिर मां ने लिखित में सहमति दी कि पटवारी की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में करो, वह पटवारी को रिश्वत देना नहीं चाहता, बल्कि रंगे हाथों पकड़वाना चाहता है। उक्त आवेदन प्राप्त होने पर शिकायत की पुष्टि हेतु लोकायुक्त पुलिस द्वारा आवेदक को एक वॉयस रिकार्डर ईश्यु कर मांगवार्ता रिकार्ड करने हेतु एक छायासाक्षी के साथ भेजा गया। आवेदक द्वारा आरोपी रामचरण सौंर से मिलकर मांग संबंधी वार्ता रिकार्डर में रिकार्ड कर लोकायुक्त को सौंपा। वॉयस रिकार्डिंग से शिकायत की पुष्टि होने पर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने हेतु लोकायुक्त पुलिस द्वारा एक ट्रेपदल का गठन किया गया। दिनांक 30 जून 2016 को ट्रेपदल करीब 09:30 बजे निवाड़ी तहसील कार्यालय के पास पहुंचा। आवेदक द्वारा मोबाईल से संपर्क करने पर आरोपी रामचरण सौंर ने न्यायालय के सामने आने को कहा तब ट्रेपदल द्वारा आरोपी को वॉयस रिकार्डर ईश्यु कर बुलाये गये स्थान पर रवाना किया साथ ट्रेपदल के सदस्य भी अपनी पहचान छिपाते हुए न्यायालय के आसपास खड़े हो गये। आवेदक ने आरोपी को रिश्वत राशि 3 हजार देकर जैसे ही सिर पर हाथ फेरकर इशारा किया। लोकायुक्त की टीम ने आरोपी को घेर लिया और उससे परिचय लेकर अपना परिचय दिया। लोकायुक्त द्वारा आरोपी की पेंट से तीन हजार रूपये रिश्वत की राशि बरामद की एवं रासायनिक घोल में उसके हाथ धुलवाये तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत विशेष न्यायालय द्वारा प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुए आरोपी राम चरण सौंर को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अपराध में क्रमश: चार वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### संत नामदेव महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# सुन्दरकांड व मरीजों को भोजन किया वितरित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** तालदरवाजा स्थित संत शिरोमणि नामदेव मंदिर में आज संतशिरोमणि नामदेव जी महाराज का 753वाँ जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। आज दिनभर विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम होते रहे मीडिया प्रभारी राजीव नामदेव राना लिधौरी ने बताया कि अलसुबह 5 बजे नामदेव महाराज जी का 753वाँ जन्मोत्सव मनाया गया व 9 बजे से सत्य नारायण भगवान की कथा हुई। 11 बजे हवन, 2 बजे से रवि एण्ड पार्टी ने सुन्दरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। नामदेव विकास परिषद् टीकमगढ़ द्वारा मानव सेवा समिति के द्वारा जिला अस्पताल टीकमगढ़ में 11 बजे से मरीजों को भोजन वितरण किया गया। शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा भजन व कीर्तन गाये गये। तत्पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नामदेव समाज के हजारों की सख्या के लोग शामिल हुये जिसमें प्रमुख रूप से नामदेव विकास समाज के अध्यक्ष गौरी शंकर नामदेव, रामेश्वर प्रसाद, राजीव नामदेव राना लिधौरी, जितेन्द्र, ब्रज गोपाल, सीताराम, राम सेवक, राम गोपाल, सुरेश, सुनील, जितेन्द्र, जगदीश, राजेश, जडी़, राजेन्द्र, जेपी, जय प्रकाश, ब्रज किशोर, रवि, राजू आदि हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजीव नामदेव राना लिधौरी ने दी।

# 3 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने ली यातायात नियमों की जानकारी



टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोहित कटरे के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक टीकमगढ़ विशाल मालवीय, थाना यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल एवं सूबेदार श्रीमती आर्या पाराशर के नेतृत्व में थाना यातायात द्वारा आज दिनांक 24 नवंबर 2023 को केंद्रीय विद्यालय टीकमगढ़ के लगभग 300 छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के विषय में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया जाकर यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। उक्त प्रशिक्षण मैं सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं प्रश्नोत्तरी में रुचि व जिज्ञासा पूर्वक प्रश्न किए गए एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम 10 जनवरी 2024 तक लगातार जारी रहेगा।

# भाजपा नेता का भीतरघात करने का ऑडियो वायरल



### अनिल पांडे ने थाने में दर्ज कराई शिकायत, ऑडियो को बताया फर्जी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद अब पार्टी के कुछ नेताओं पर भितरघात के आरोप लगने लगे हैं। ऐसा ही एक ऑडियो भाजपा नेता अनिल पांडे का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि उन्होंने वायरल ऑडियो को फर्जी बताया है। उन्होंने मोहनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराकर वायरल ऑडियो के मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। दरअसल, भाजपा नेता अनिल पांडे पिछले 10 सालों से लगातार पृथ्वीपुर विधानसभा से टिकट की मांग करते चले आ रहे हैं। उपचुनाव में उन्होंने टिकट मांगा था, लेकिन टिकट कट जाने के बाद उन्होंने पार्टी के खिलाफ बयानबाजी की थी। इस चुनाव में भी उन्होंने टिकट मांगा, लेकिन पार्टी ने दोबारा डॉक्टर शिशुपाल यादव को प्रत्याशी बनाया। लगातार दो बार टिकट कट जाने के चलते अनिल पांडे भाजपा से नाराज हैं, लेकिन इस बार उन्होंने पार्टी के खिलाफ खुलकर कुछ भी नहीं बोला। अब मतदान के बाद उनका एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें वह भाजपा के विरोध में काम करने की बात कह रहे थे। इस बीच अनिल पांडे ने आज अपने बयान का वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने खुद को पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए कुछ लोगों पर साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### संघ का समर्पित कार्यकर्ता बताया

भाजपा नेता अनिल पांडे ने कहा कि 41 साल पहले भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की थी। इसके पहले संघ के कार्यकर्ता के तौर पर काम किया। उन्होंने नाम लिए बगैर विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग इस चुनाव में पृथ्वीपुर विधानसभा में भाजपा का और निवाड़ी विधानसभा में समाजवादी पार्टी का काम कर रहे थे। ऐसे ही कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा है। उन्होंने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# लोहे से भरा हुआ लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** जिले की मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बटवाहा व शिवराजपुर के बीच एक चार पहिया पिकअप वाहन पलट गया। वाहन चालक व एक बच्चा सुरक्षित बताया गया है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार यह पिकअप वाहन यूपी के तालबेट से लोहा भरकर टीकमगढ़ की ओर जा रहा था, जैसे ही यह वाहन ग्राम बटवाहा व शिवराजपुर के बीच मे पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। वाहन का चालक व वाहन में सवार बच्चा सुरक्षित बताया गया है। ग्राम बटवाहा के लोगों द्वारा बताया गया है कि सड़क पर कोई भी ट्रैफिक नहीं थी और ना ही कोई जानवर खड़े हुए थे। पिकअप वाहन अपने आप नियंत्रण होकर रोड से नीचे उतर कर पलट गया।

# नादिया तिगैला पर हुई 2 बाइकों की टक्कर, 1 घायल

### अस्पताल में उपचार के बाद की रिपोर्ट, मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजरावन के पास नादिया तिगैला पर दो बाइकों की टक्कर होने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल व्यक्ति का जिला अस्पताल में उपचार हुआ। उपचार बाद घायल व्यक्ति ने पुलिस थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की सूचना पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक घायल व्यक्ति बालचंद अहिरवार 29 वर्ष निवासी पड़वार 2 नवंबर को ग्राम टौरिया शुक्लान से बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम बिजरावन के पास नादिया तिगैला पर पहुंचा, तो सामने से आ रही बिना नम्बर की बाइक के चालक ने बाइक को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इस घटना में बालचंद गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार जिला अस्पताल में हुआ। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक के चालक करन आदिवासी निवासी बिजरावन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 2 दिनों बाद अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आनेवाले 2 दिनों के बाद अर्थात 27 व 28 नवम्बर जिले में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने तथा आसमान में बादल छाये रहने की संभावना है। आने वाले 2 दिनों के बाद दिन के अधिकतम तापमान तथा रात का न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डि.से. के आस-पास गिरावट रहने की संभावना है। हवा की औसत गति (07 से 09 किलोमीटर प्रति घंटा) चलने की संभावना है।

आनेवाले 2 दिनों के बाद (27 व 28 नवम्बर) आसमान में बादल छाये रहने के कारण फसलों में कीट-ब्याधि का प्रकोप बढ़ सकता है, अत: किसान भाई, फल एवं सब्जी तथा समय से बोयी गई रबी फसलों जैसे-सरसों, चना, मटर इत्यादि में कीट-ब्याधियों की निगरानी का कार्य करें। आनेवाले पांच दिनों के दौरान औसत तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना को देखते हुए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे सिंचित स्थिति में गेहूं की उन्नत किस्मों- जेडब्ल्यू-1203, जेडब्ल्यू-1215, एचआई-8759, पूसा तेजस आदि की बुआई करें। अर्ध सिंचित स्थिति (1-2 सिंचाई)-जेडब्ल्यू-3288, जेडब्ल्यू -3211, जेडब्ल्यू -3020, एचआई-1531, एचआई-1544, आदि की समय पर बुआई करें और बीज को कवकनाशी थिरम .बावास्टिन /1.5.1.0 ग्राम/किग्रा से उपचारित करें। एज़ोटोबेक्टर और पीएसबी कल्चर का टीका अवश्य लगायें। आनेवाले 5 दिनों के दौरान बादल छाये रहने के कारण कटुआ कीट एवं इल्लियों के आक्रमण की सम्भावना रहती है। इससे बचाव हेतु खेतों में 40 से 50 टी या वाई आकार के खूंटे गाड़ दें, जिससे पक्षियों के बैठने के लिए जगह बन जाएगी, और वे कीट एवं इल्लियों को चुन-चुनकर खा जायेगें। प्याज की नर्सरी लगाने वाले किसानों को सलाह दी जाती है कि वे इस सप्ताह के दौरान ऊंची क्यारी प्रणाली में प्याज की नर्सरी की बुआई करें। सिंचाई नाली और निराई के लिए 30 सेमी का अंतर रखें। उन्नत किस्मों जैसे- एग्रीफाउंड डार्क रेड, एग्रीफाउंड डार्क रेड, पूसा रेड और नासिक रेड आदि का उपयोग करें।

### वरिष्ठ अधिकारी एवं बाबू की सांठगांठ से किया आदेश जारी

# वनोपज सहकारी यूनियन प्रबंधक के पद पर सागरवारा ग्राम में की गई फर्जी नियुक्ति




- लिधौरा तहसील के लोगों ने दिए ज्ञापन में लगाये आरोप
- बिबू मनोज सोनी ग्रेट 3 के पद पर करीब बीस वर्षों से हैं पदस्थ

**जतारा, देशबन्धु।** टीकमगढ़ जिले के एक शासकीय विभाग में प्रबंधक के पद पर हुएं फर्जी नियुक्ति का मामला सामने उस समय आया जब तहसील लिधौरा के लोगों ने जिले में गुरुवार को एक ज्ञापन देकर विभाग के अधिकारी एवं बाबू पर लंम्बी राशि लेकर फर्जी नियुक्ति का आरोप लगाया है। फिलहाल पूरा मामला टीकमगढ़ जिले के पलेरा ब्लाक का है, जहां अधिकारियों की मिलीं भगत से फर्जी नियुक्ति की गई। लिधौरा के लोगों द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख करते हुए कहा है कि वनोपज सहकारी समिति सगरवारा में प्रबंधक के पद पर पदस्थ प्रमोद अहिरवार की नियुक्ति वर्ष 2023 में की गई थी, जिसके बाद प्रमोद अहिरवार के द्वारा पद का दुरूपयोग कर भारी अनियमितताएं की गई। गौरतलब है कि प्रमोद की जो नियुक्ति की गई, वह पात्रता के दायरे में नियमित नहीं आती है। क्यों कि प्रमोद अहिरवार की जन्म तिथि 1 जनवरी 1969 की है, तब कि नियुक्ति वर्ष 2013 की और जन्म तिथि के आधार पर श्री अहिरवार की उम्र 44 से 49 वर्ष का जो नियम में नहीं आता है, फिर लम्बी राशि लेकर बाबू द्वारा वनोपज सहकारी यूनियन टीकमगढ़ डीएफओ से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से नियुक्ति कर दीं गई, तब कि नियम अनुसार 18 से 40 वर्ष तक नियुक्ति का नियम विभाग के लिए लागू है, लेकिन इस विभाग में शासन के आदेशों को बाबू मनोज सोनी ग्रेट 3 के पद पर पदस्थ हैं एवं डीएफओ द्वारा खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई और अधिक उम्र वाले प्रबंधक प्रमोद अहिरवार की नियुक्ति आदेश सीधे जारी कर दिया गया। फिलहाल आवेदन में लिधौरा निवासी के लोगों ने बाबू मनोज सोनी ग्रेट 3 के पद पर पदस्थ एवं जिले के डीएफओ पर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाये गये जों सागरवारा में प्रबंधक के पद पर हुई नियुक्ति एक जांच का विषय है वैसे गौरतलब किया जाए तो जब मीडिया के लोगों ने मामले को लेकर जिले के बाबू से संपर्क किया तो वह स्पष्ट ज़बाब देने से कतरा रहे थे। लिहाजा मामला यहीं नहीं रूकता है इस प्रकार की पांच और नियुक्ति का भ्रष्टाचार किया गया है जहां लोगों ने उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा जांच बारीकी किए जाने की मांग की ताकि ऐसी कई विभिन्न फर्जी नियुक्ति विभिन्न तहसीलों की सामने आएंगी फ्लिहाल मामले की जब ज़मीनी हकीकत जानने के लिए दूर भाषा पर जिले के डीएफ्ओ प्रभारी टीकमगढ़ से संपर्क दूर भाषा पर फर्जी नियुक्ति के बारे में पक्ष लेना चाहा तो अधिकारी ने मीडिया का फोन भी रिसीव नहीं किया इसे स्पष्ट सामने आ रहा की जो लिधौरा तहसील वनोपज सहकारी समिति सागरवारा में प्रबंधक के पद हुई नियुक्ति में टोटल जिले के अधिकारियों से लेकर बाबूओं की मिलीभगत साफ नजर आ रही है, जब जिले में यूनियन सहकारी में क़रीब बीस सालों से मनोज सोनी जो जिले में ग्रेट 3 के पद पर पदस्थ हैं जो अंगद की तरह पैर जमाएं हुए हैं तब की शासन की गाइडलाइन के मुताबिक जिले में चाहे अधिकारी हो चाहे बाबू मात्र तीन वर्ष तक रहने का प्रावधान माना जाता है लेकिन सरकारी समिति यूनियन में फ्लिहाल जमकर भ्रष्टाचार होने के चलते बाबू जिले से जाने का नाम नहीं लेते तब की अधिकारी पन्ना जिला का प्रभार होने के चलते टीकमगढ़ प्रभारी सौंपा गया है, जिससे जिले में बैठे बाबू द्वारा फर्जी आदेशों को निकालकर पन्ने जिले में बैठे अधिकारियों से साठगांठ कर नियुक्ति हस्ताक्षर करा रहे हैं और मन माने तारिके से विभाग को चला रहे हैं। उक्त मामले में जब बाबू मनोज सोनी से नियुक्ति के बारे में मीडिया ने बार-बार बात की, तों उनका कहना एक ही शब्द सामने रहा कि डीएफओ साहब के कहने पर की गई। लिहाजा उक्त विभाग में दोनों की मिलीभगत से रूप की रानी चोरों का राजा की दर्ज पर खेल फर्जी नियुक्ति का खेला जा रहा है, वहीं तहसील लिधौरा के लोगों द्वारा दिए गए। आवेदन में उच्च स्तरीय सागरवारा, वनो उपज सहकारी समिति प्रबंधक प्रमोद अहिरवार की हुई नियुक्ति के दस्तावेजों की जांच करने की मांग की। उक्त आवेदन लिधौरा निवासी द्वारा गुरूवार को सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया।

# 2 पक्षों में खूनी संघर्ष, एक परिवार के आधा दर्जन घायल



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना कोतवाली अंतर्गत आगरा मोहल्ला में डिवाइन पब्लिक स्कूल के सामने घर बनाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट का मामला सामने आया है।

मारपीट में एक ही पक्ष के 6 लोग घायल हो गए हैं जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष के भी कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। गंभीर रूप से घायल जिला चिकित्सालय में भर्ती वृंदावन प्रजापति पिता गोकुल प्रजापति उम्र लगभग 52 वर्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि हम अपनी जमीन पर घर बनवा रहे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर हल्के उर्फ रामकुमार, बद्री, सुनील, अनिल व राजेश आदि के द्वारा अचानक लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया गया बचाने का प्रयास करने पर परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की जिसमें मां, भाई, बहन और बच्चे भी शामिल हैं। वृंदावन के परिवार के कुल 6 सदस्य घायल बताए जा रहे हैं जिनमें वृंदावन की हालत गंभीर है जिसका जिला चिकित्सालय पन्ना में इलाज चल रहा है। मामले की शिकायत पन्ना कोतवाली में दर्ज करवाई गई है।

## असामाजिक तत्वों ने किसान के टैक्टर को कुएं में फेंका

**दमोह देशबन्धु।** ग्राम पंचायत कुडाई में असामाजिक तत्वों के द्वारा कुएं में टैक्टर को गिरा देना का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस थाने में की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार कुड़ाई के निवासी दुर्गा प्रसाद गर्ग पिता हिमाचल प्रसाद गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 23 तारीख को परिजन अपने खेत से गायों को घर बांधने के लिए गए इतने में ही कुछ असामाजिक लोगों ने उनके खेत पर स्थित कुएं में उनका ट्रैक्टर पटक दिया और वहां से रफूचक्कर हो गए जब 1 घंटे बाद परिजन खेत पर आ तो देखा कि ट्रैक्टर वहां नहीं मिला। तो परिजन यहां वहां खोजने लगे खोजते खोजते कुंए के पास पहुंचे जहां उन्हे कुंए में बुलबुलाने की आबाज आई तो देखा कि ट्रैक्टर कुएं में बुलबुला रहा है। जिसे बाद घटना की रिपोर्ट उन्होंने थाने में दर्ज कराई है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन के तहत 03 दिसम्बर को स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह में मतगणना संपन्न होगी। इसी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के साथ मतगणना स्थल पर विधान क्षेत्र यथा 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57- हटा (अजा) के लिये बनाये गये मतगणना कक्षों का जायजा लिया। इस मौके पर एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, समस्त रिटर्निंग आफीसर सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पॉलीटेक्निक परिसर में बनाई जा रही बुनियादी सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी ली। उन्होंने आवागमन हेतु बनाये गये रूट, मीडियाजनों के लिये बैठक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, सीसीटीव्ही कैमरे, डॉक मतगणना कक्ष, सीलिंग कक्ष, मतगणना में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रवेश, वैरीकेटिंग, दूरभाष, नेटवर्किंग आदि की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# पूर्व पति ने तलाक शुदा पत्नी की निर्मम हत्या की




**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिले के पटेरा जनपद से एक बडी खवर निकलकर आयी है जहां एक पूर्व पति ने अपनी तलाक शुदा पत्नी की निर्मम हत्या कर दी है और घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक महिला का नाम मरजीना खान पति मुस्ताक खान उम्र करीब 32 वर्ष निवासी पटेरा बताया जा रहा है, जिसकी पहली शादी करीब दो साल पहले दमोह निवासी नफीस नाम के व्यक्ति के साथ हुई थीं, मगर आपसी विवाद के कारण से दोनों के बीच तलाक हो गया था और विवाद चल रहा था। शुक्रवार सुबह महिला जब घर पर अकेली थी तभी पहले पति नफीस खान ने पटेरा उसके घर पहुंचकर पूर्व पत्नी से उसके साथ चलने को कहा जिसपर महिला के मना करने पर नफीस ने चाकूओ से हमला कर दिया और घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति भी उसके साथ था। जानकारी लगते ही पटेरा पुलिस, एसडीओपी हटा के साथ मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की और पंचनामा कार्रवाई कर मृतक महिला के शव को अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गयी। आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम जगह जगह छापा मार कार्यवाही करने मे जुटी हुई है।

# जेल स्टॉफ को डॉ शुक्ला ने दिया प्रशिक्षण



**दमोह देशबन्धु।** जेल प्रशासन द्वारा जेल स्टॉफके लिये जीवन रक्षक सी.पी.आर. की ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया। इस सेशन में जिला अस्पताल के मास्टर ट्रेनर डॉ. विशाल शुक्ला एवं डॉ मनीष ने ट्रेनर की भूमिका निभाई।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि पुलिस एवं जेल स्टॉफको यह ट्रेनिंग अतिआवश्यक होती है क्योंकि घायल अथवा मरणासन्न व्यक्ति के पास प्रथम सूचना उपरांत पुलिस ही सबसे पहले पहुंचती है, ऐसे में तत्काल उसी समय यदि मरीज का सी.पी.आर. कर दिया जाए, तो उसकी जान भी बच सकती है।उन्होंने बताया अक्सर नदी तालाब में डूबने, करंट लगने से, एक्सीडेंट्स से अथवा अचानक हृदयाघात होने से सांस एवं दिल की धड़कन रुक जाती है, ऐसे में यदि प्रथम व्यक्ति ही सी.पी.आर. शुरू कर दे, तो व्यक्ति की जान बच जाती है। जेल स्टॉफमें कैदियों के साथ इस तरह की स्थिति बनते ही जेल प्रहरियों को यह कार्य ट्रेनिंग अनुसार करना है। एक भी जिंदगी यदि हम सी.पी.आर. करने से बचा पाए तो हमारा जीवन सफल है। डॉ मनीष ने फर्स्ट एड का महत्व बताते हुए कहा कई बार दुर्घटनाओं के बाद सिर्फ फर्स्ट एड न मिलने की वजह से जीवन खतरे में पड़ जाता है, जैसे बहता हुआ खून रोकना, टूटी हड्डियों की स्प्लिन्टिंग करना, प्राथमिक ड्रेसिंग करना आदि चीज़े सभी को आनी ही चाहिये।

# छात्राओं ने महिला थाने पहुंचकर जाने बाल अधिकार



**दमोह देशबन्धु।** जिले की एम.एल.बी. कन्याशाला की छात्राओं एवं उमरी हायर सेकण्ड्री स्कूल के विद्यार्थियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ममता एचआईएमसी संस्था के सहयोग से महिला थाना दमोह में बाल अधिकार एवं संरक्षण पखवाडा के तहत एक्स्पोसर विजिट कराई गई। विजिट का उद्देश्य बच्चों का पुलिस के प्रति जो नकारात्मक रवैया है, या डर है उसको दूर करके उनको बाल हितेषी एवं अपनी बात उन तक खुलकर रखना है। इस दौरान एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजीव मिश्रा, प्राचार्य उमरी रमेश व्यास एवं स्टाफजेंडर प्रभारी निशा असाटी, एमएलबी स्कूल जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन, उप निरीक्षक गरिमा, एस.जे.पी.यू. से विक्रम दांगी, प्रतिभा चौबे सहित शिक्षक एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पुलिस के कार्य, बच्चों के अधिकार, बाल संरक्षण के मुद्दे, सायबर सुरक्षा, बच्चों के संबंध में बने कानून जैसे पोक्सो एक्ट-12, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम एवं बाल भिक्षा वृत्ति कानून, बच्चों की सहायता हेतु विभिन्न तंत्र आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को बाल मैत्रीपूर्ण कक्ष का भ्रमण कराया गया, इस दौरान बताया गया बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार किया जाता है। एडीशनल एसपी श्री मिश्रा द्वारा बच्चों को अपना नंबर दिया गया की यदि विद्यार्थियों को कोई भी समस्या हो तो दिये गये नंबर पर कॉल कर सकते हैं। वीरेंद्र जैन जिला समन्वयक द्वारा शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में महिलाओं के कानूनी अधिकार, एसिड अटैक से पीड़ितों को विधिक सहायता, साईबर क्राईम एवं सुरक्षा के संबंध में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल से रिचा त्रिपाठी, शिवानी पाराशर, तुहीना मजूमदार एवं प्राचार्य डॉ. पी.एल. जैन, व्याख्यातागण एवं छात्रायें उपस्थित रहीं। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को एसिड अटैक पीड़ितों को विधिक सहायता योजना, मूल कर्तव्य, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में जानकारी दी।

रिचा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को साईबर क्राईम व महिलाओं के विरूद्ध होने वाले लैंगिक अपराधों के संबंध में जानकारी दी। शिवानी पाराशर ने लीगल एंड डिफेंस काउंसिल प्रणाली, बाल श्रम के संबंध में बताया। तुहीना मजूमदार ने यौन उत्पीड़न, महिला हेल्पलाईन, विधिक सेवा हेल्पलाईन 15100 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एन.पी. नायक एवं आभार प्राचार्य डॉ. पी.एल. जैन के द्वारा किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि की जयंती



**पन्ना, देशबन्धु।** संत श्री शिरोमणि नामदेव महाराज की 753 वीं जयंती पूरे देश में धूम-धाम से मनाई गई। इसी तरह पन्ना नगर में भी संत श्री नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संत शिरोमणि नामदेव जी का जन्म आज के ही दिन महाराष्ट्र प्रांत के पंढरपुर में 1270 में हुआ था। संत नामदेव के अनुयायी प्रदेश के सभी जिलों में आज नामदेव जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र नामदेव ने सर्वप्रथम द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा श्री नामदेव महाराज का अभिषेक किया एवं भजन कीर्तन संपन्न हुए। इस इस मौके पर नामदेव जी के आदर्शो पर चलने का संकल्प समाज के लोगों को दिलाया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र नामदेव अध्यक्ष, संपन्न नामदेव उपाध्यक्ष, मनोज नामदेव सचिव, वरिष्ठ कृष्ण कुमार नामदेव, सचिन नामदेव बंटी सह सचिव, शशि नामदेव कोषाध्यक्ष, नारायण नामदेव, राजेंद्र नामदेव, बल्दाऊ नामदेव, जितेंद्र नामदेव महेश नामदेव आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सद्भावना दिवस पर हुआ रैली का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह डॉक्टर अग्रवाल हाई सेकेंडरी स्कूल दमोह पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आर पी मोदी जैन स्कूल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय सद्भावना दिवस आर्म्ड फोर्स फ्लैग डे के अवसर पर एक रैली का आयोजन किया।

रैली का प्रारंभ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से हुआ जहां सभी संस्थाओं के एनसीसी अधिकारी एवं एनसीसी कैडेट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एनसीसी कैडेट्स एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा एनसीसी यूनिफॉर्म पहनकर हाथों में तख्तियां लेकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नारे लगाते हुए रैली का आयोजन किया। आर्म्ड फोर्स झंडा दिवस के इस अवसर पर राष्ट्रीय सद्भावना फ्लैग डे के अंतर्गत असहाय बच्चों की मदद करने हेतु राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने शहर के विभिन्न आम जन, एवम लोगो से सहायता राशि इकट्ठी की।एनसीसी कैडेट्स द्वारा इस प्रकार से पूर्व में भी विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते रहे हैं। रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा पोस्टर, बैनर एवम नारो के माध्यम से असहाय लोगो की मदद करने का आवाहन किया। सभी कैडेट्स द्वारा पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। आज की रैली एवम कार्यक्रम को सफल बनाने एनसीसी कैडेट्स के साथ फर्स्ट ऑफिस मनीष चौरसिया, लेफ्टिनेंट डा के एस बामनिया, सेकंड ऑफिसर राकेश सिंह राजपूत एनसीसी अधिकारी शरद मिश्रा के अलावा सेकंड ऑफिसर महेश असाटी, नितिन मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नाबालिग के साथ दुष्कृत्य के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी सहा.जि. लोक अभि. अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि 22 मार्च 2022 को फरियादी ने थाना सलेहा में उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि 15 मार्च 2022 को मैं अपनी पत्नी और तीन लडकियों को लेकर खेत में कटाई करने के लिये बाहर गये थे। घर में 2 लड़किया थी। 21 मार्च 2022 को एक लड़की ने सुबह फोन पर बताया कि बहन 20 मार्च 2022 के शाम 6 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गयी है जो घर वापस नहीं आयी है तब मैंने अपनी लड़की का आस पास, रिश्तेदारी में पता किया जो कहीं पता नहीं चला। मुझे शंका है कि मेरी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना सलेहा में अज्ञात के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए एवं घटनास्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। अभियोक्त्री को 30 मार्च 2022 को सलेहा से दस्तयाब किया गया एवं अभियोक्त्री के कथन लेख किये गये।

सम्पूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी दीपक सोनी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पन्ना के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी दीपक सोनी के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पन्ना के न्यायालय द्वारा आरोपी दीपक सोनी को क्रमशः धारा. 366(क) भादसं एवं 5एल/6 पॉक्सो एक्ट के आरोप में क्रमशः 7 वर्ष एवं 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 100-100 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# स्कूटी को बचाने के चक्कर में यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ी, एक दर्जन घायल



**रायसेन, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाले सांची मार्ग पर शुक्रवार को सुबह के समय विदिशा से रायसेन की ओर आ रही एक यात्री बस स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई इसके पश्चात बस पलट गई जिसमें सवार यात्रियों में से एक दर्जन यात्रियों को चोट है पहुंची हैं जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त वर्ष तेज रफ्तार से चल रही थी उसी समय सामने से स्कूटी सवार का निकलना हुआ उसे समय उसे बचाने के चक्कर में बस के चालक ने बस को डिवाइडर की ओर मोड़ दिया जिससे यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार लगभग एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है कुछ यात्रियों को मामूली उपचार करने के पश्चात घर भेज दिया गया है दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज सिंह सहित पुलिस बलमा के पर पहुंच गया था दुर्घटना में घायल सभी यात्रियों को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भिजवाया गया पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# संभागायुक्त ने पुलिस महानिरीक्षक के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

**सागर, देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा के साथ शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बने स्ट्रांग रूम पहुंचकर विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 3 दिसंबर को जिले के आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। संभागायुक्त को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। संभागायुक्त ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबिलें, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। संभागायुक्त ने बताया कि मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। मतगणना के दिन विद्युत की सतत आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करें। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। कमिश्नर एवं पुलिस महानिरीक्षक ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया एवं अभ्यार्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों के लिए लगाई गई बाहर एलईडी का निरीक्षण किया एवं जन प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों से चर्चा की। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है एवं आयोग के निर्देशों के तहत ही कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निर्वाचन आयोग के सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, डीएसपी अखिलेश तिवारी, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## डाक मतपत्रों की गिनती से होगी मतगणना की शुरुआत

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के तहत 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की शुरूआत डाकमत पत्रों की गणना से होगी। लेकिन इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के मतों की गणना शुरू करने के लिए डाकमत पत्रों की गणना खत्म होने का इंतजार नहीं किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक ईव्हीएम के मतों की गणना का काम डाकमत पत्रों की गणना शुरू होने के आधा घंटे बाद प्रारंभ किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग डाकमत पत्रों की गणना के लिए प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी को एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एक गणना पर्यवेक्षक और दो गणना सहायकों को नियुक्त करने की मंजूरी भी प्रदान की है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार मतगणना राउण्डवार संपन्न होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात प्रेक्षक प्रत्येक दौर में मतगणना की रेण्डम जांच करेंगे। इसके अलावा आयोग के रिकार्ड के लिए मतगणना कक्षों की वीडियो रिकार्डिंग भी कराई जायेगी। मतगणना के पूर्व गणना पर्यवेक्षक इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के केयरिंग टैग के नंबर तथा मशीन पर अंकित नंबर का मिलान करेंगे और मशीन अभ्यर्थी के एजेंट को भी दिखायेंगे। साथ ही ईव्हीएम में लगी सील भी अभ्यर्थियों के एजेन्ट्स को दिखाई जायेगी। इसके बाद कंट्रोल यूनिट का टोटल बटन दबाकर डाले गये कुल मतों की संख्या ज्ञात की जायेगी। इसका मिलान पीठासीन अधिकारी द्वारा मतलेखा में दर्ज मतों की संख्या से किया जायेगा। मिलान नहीं होने पर जानकारी रिटर्निंग अधिकारी को दी जायेगी। इस स्थिति में रिटर्निंग अधिकारी के आदेश के बाद ही आगे की मतगणना होगी। संबंधित विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रेक्षक के काउन्टर सिग्नेचर के बाद ही रिटर्निंग अधिकारी राउण्डवार परिणामों की घोषणा करेंगे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर निकली विशाल संकीर्तन यात्रा



**सागर, देशबन्धु।** संत आशाराम बापू के साधक शिष्य रामा भाई के सानिध्य भव्य यात्रा की शुरुआत मंगल आरती से की, यात्रा में पधारे हजारों साधक झूमते नजर आए, यात्रा का स्वागत शहर में कई जगह पुष्प वर्षा से किया, जानकारी देते हुए लालाराम मेठवानी ने बताया यात्रा में शहर के साधको के आलावा अन्य शहरों से साधक भाई बहन युवा आए थे दमोह, छतरपुर, छुल्ला, शाहपुर, भोपाल, बीना, इंदौर, हरदा, व सागर शहर के आसपास के ग्रामीण अंचल के साधक शामिल हुए यात्रा का लाव लश्कर देख सागर शहर की जनता भी झूम उठी, यात्रा में बापूजी के मधुर कीर्तन ने समूचे सागर को भी झूमने पर मजबूर कर दिया झूमे भी क्यों न कीर्तन में जो आनंद आ रहा था। यात्रा का प्रारंभ झूलेलाल मंदिर सिंधी कालोनी से होते हुए बड़ा बाजार, सराफा, तीनबत्ती चौराहा, कटरा मस्जिद, गुजराती बाजार पूर्णाहुति मुंसीपल कार्पोरेशन स्कूल प्रांगण में पूरी हुई। सागर समिति के संरक्षक लालाराम मेथवानी, अध्यक्ष थावरदास चतुरानी, केशियर जीवन सिंह ठाकुर सचिव विनोद गर्ग व समिति के सभी पदाधिकारियों ने शहर वासियों की मांग पर हर साल संकीर्तन यात्रा निकालने के लिए प्रार्थना की।



### धूमधाम से निकल गया चल समारोह

## धन, समृद्धि और सौभाग्य की देवी हैं मां लक्ष्मी: मोनी केसरवानी

**सागर, देशबन्धु।** मां लक्ष्मी सार्वजनिक महोत्सव समिति द्वारा दीपावली से तिलकगंज वार्ड में विराजमान मां लक्ष्मी जी का शुक्रवार को शहर में बड़ी धूम धाम से चल समारोह निकल गया चल समारोह में कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश मोनी केसरवानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे एवं बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चल समारोह डीजे, बाजे, अखाड़े सहित डमरू दल के साथ निकल गया। समारोह तिलकगंज महेंद्र मिल के पीछे से शुरुआत होकर वर्णी कॉलोनी होते हुए स्टेशन रोड से डिंपल पैट्रोल पंप पर समापन हुआ। इस अवसर पर अखिलेश मोनी केसरवानी ने बताया कि दीपावली से शहर के तिलकगंज वार्ड में मां लक्ष्मी विराजमान थी सागर शहर में केवल एक ही स्थान तिलकगंज में मां लक्ष्मी विराजमान की जाती है जिससे शहर में खुशी और भक्तिमय में माहौल रहता है। शहर के भक्तगणों में नवरात्रि जैसा माहौल तिलकगंज वार्ड में रहता है। मां लक्ष्मी धन समृद्धि और सौभाग्य की देवी है उनके आने से शहर में सुख समृद्धि आती है। राहुल चौबे ने कहा मां लक्ष्मी सार्वजनिक महोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष माता रानी को तिलकगंज वार्ड में विराजमान करती आ रही। मैं समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूं कि वह हमारी संस्कृति को आगे बढ़ा रहे है। चल समारोह में समिति के सदस्य रानू यादव, चंद्रहास आठिया, अमन साहू सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## गौर उत्सव: स्कूली विद्यार्थियों ने किया संग्रहालयों एवं विज्ञान उपकरण केन्द्रों का भ्रमण

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत में ओपन-डे तहत उत्कृष्ट विद्यालय एवं आर्मी पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बॉटनिकल गार्डन, संग्रहालय व उपकरण केन्द्रों आदि का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने जंतु विज्ञान, व्यावहारिक भूगर्भशास्त्र, मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, न्यायालयिक विज्ञान के संग्रहालयों का भी भ्रमण किया, साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण जैसे इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप, एक्सआरडी, आईसीपीएमएस आदि से भी परिचित हुए। प्रो. देवाशीष बोष एवं एनी शिक्षकों ने भ्रमण पर आए छात्रों को विभाग में



संचालित कोर्स एवं प्रयोगशाला में में उपयोग आने वाले उपकरणों से संबंधित जानकारियां दी। प्रो. दीपक व्यास ने विभिन्न वानस्पतिक प्रजातियों एवं उसकी उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. गौरव सिंह ने संग्रहालय भ्रमण के दौरान भूगर्भशास्त्र विभाग में हो रहे शोधों एवं प्रयोगों से छात्रों को अवगत कराया। इसके साथ ही जंतु विज्ञान, मानव विज्ञान संग्राहलयों के भ्रमण के दौरान विद्यार्थी प्रदर्शन के लिए रखी गई वस्तुओं से अवगत हुए और विभाग में संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिक शोध में उपयोगी उपकरणों एवं उसके उपयोग की प्राविधि इत्यादि से भी विद्यार्थी परिचित हुए।

## श्री राम नव कुण्डी महायज्ञ एवं राम कथा 5 जनवरी से

**सागर, देशबन्धु।** श्री नव कुंडीय महायज्ञ एवं श्री रामकथा का भव्य और दिव्य आयोजन 15 से 23 जनवरी 2024 तक होने जा रहा है यह महामहोत्सव श्री अयोध्या धाम के भव्य और दिव्य भवन में हम सब के आराध्य प्रभु श्री राम के विराजमान होने के उपलक्ष में किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के संत महात्माओ का समागम होगा। इस आयोजन से श्री राम के भगतो का सीधा जुड़ाव नजर आयेगा। इस आयोजन को लेकर को 27 नवंबर दिन सोमवार को महोत्सव का ध्वजा रोहण एवं भूमि पूजन समारोह आयोजित होगा। इस पावन कार्य में देश के विभिन्न प्रांतो से पधारे संत महात्माओ के साथ भजन यात्रा श्री वृंद्रावन बाग मठ से प्रारंभ होगी यह जानकारी महंत श्री नरहरि दास ने दी, उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 500 वर्षो की तपस्या त्याग और बलिदान के सनातन धर्म को यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। महंत श्री ने कहा की सागर और जिले के श्री राम भक्त नव कुंडीय महायज्ञ एवं श्री



राम कथा में सहभागी होते हुए अपने जन्म और जीवन को सार्थक करेंगे। हम सब सनातन धर्मी सौभाग्यशाली है की जब हमारे प्रभु भव्य भवन में विराजमान होंगे तब हम सब उनकी आराधना कर रहे होंगे। इस महामहोत्सव की राम भक्तो को जानकारी पूर्व से है परन्तु 100 से अधिक संतो की उपस्थिति में होने जा रहे इस विशाल शोभा यात्रा का महत्व उस समय बढ़ जाता है जब इतनी बड़ी संख्या में संतो की उपस्थिति आयोजन को अपना आशीर्वाद प्रदान करे। 27 नवंबर दोपहर 11 बजे बड़ी संख्या में संतो की भजन यात्रा श्री वृंद्रावन बाग मठ से प्रारम्भ होकर महायज्ञ आयोजन स्थल पर अनुष्ठान के साथ ध्वज स्थापना एवं यज्ञ भूमि का पूजन सम्पन होगा आप सभी राम भक्तो को सदर आमंत्रित करते है। यह आयोजन सनातन धर्म का ऐसा महोत्सव होगा जो कई वर्षो तक भक्तो के स्मरण रहेगा। देश के विभिन्न प्रांतो से पधारे संत महात्मा ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे जिनकी संख्या 108 से अधिक हो सकती है।

## रन फॉर ग्रीनर टूमोरो के उद्देश्य को लेकर डीपीएस द्वारा मिनी मैराथन का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल के द्वारा रन फॉर ग्रीनर टूमोरो हरियाली है, तो कल है के उद्देश्य को लेकर पांच किलो मीटर की मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन कराया गया। जिसमें विद्यालय के पांचवी कक्षा से बारहवी कक्षा तक के करीब 300 विद्यार्थियों, विद्यालय समिति के सदस्यों, शिक्षक शिक्षिकाओं व नगर के गणमान्यजनों अभिभावकों ने भाग लिया। दौड़ पूर्वाह्न 8 बजे नगर के चकराघाट स्थित सिटी कोरिडोर से प्रारंभ हुई। इस मैराथन दौड़ को युवा कल्याण विभाग के डायरेक्टर प्रदीप अबिद्रा, मंगल सिंह, डीपीएस मकरोनिया के निदेशक इंजी. रितुल सराफ, डीपीएस सागर के निदेशक इंजी. राहुल सराफ, प्राचार्य राजेश निनावे, उप प्राचार्य ऋषभ कुमार जैन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दौड़ सिटी कोरिडोर से होती हुई दीनदयाल उपाध्याय चौक बस स्टैण्ड, संजय ड्राइव से गीतांजलि कॉलोनी स्थित ज्ञानसागर प्ले स्कूल परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले बालक वर्ग व बालिका वर्ग के विद्यार्थियो को मंच से सभी विजेता विद्यार्थियों को एडिना फॉर्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रतीक जैन, विद्यालय के निदेशक द्वय इंजी. रितुल सराफ, इंजी. राहुल सराफ, प्राचार्य राजेश निनावे ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दरमियान विद्यालय के निदेशक ने मैराथन के आयोजन की भूमिका तैयार करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को सफल आयोजन की बधाई दी तथा सहयोगियो तथा सड़क सुरक्षा विभाग के द्वारा दिए गए सहयोग की प्रशंसा की।

### 18 पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा

## वार्डो में डेयरी विस्थापन की कार्यवाही में तेजी लाये : निगमायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार विभिन्न मार्गो पर विचरण करते हुये पाये जाने पर 18 पशुओं को पकड़कर सीहोरा गौशाला नगर निगम के वाहन द्वारा भेजा गया। निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन कार्रवाई में लगे सभी दलो को निर्देश दिए हैं अपने-अपने वार्डो में जो डेयरियां शेष रह गयी है उनको शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही में तेजी लाये। इसके साथ ही जिन-जिन वार्डो की डेयरी शिफ्ट होने के उपरांत डेयरी मालिकों द्वारा पुन: अपने जानवरों को वापिस लाकर पशु विचरण मुक्त क्षेत्र में डेयरी का संचालन प्रारंभ कर दिया है, उनकी सूची तैयार कर प्रस्तुत करें तथा ऐसे डेयरी संचालकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुये उनके जानवरों को शहर से तत्काल बाहर करने की कार्यवाही करें। डेयरी विस्थापन कार्य के दौरान जिन वार्डो की डेयरियां शहर से बाहर विस्थापित करें वहां संबंधित थाना के पुलिस बल को साथ में रखकर कार्यवाही करें तथा कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर करने की कार्यवाही की जाये। प्रतिदिन डेयरी विस्थापन कार्य के साथ ही मुख्य मार्गो पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को भी पकड़ने की कार्यवाही भी करें।

## मतगणना को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान के उपरांत आगामी 3 दिसबंर को मतगणना की जाएगी। जिसके अंतर्गत संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत के आदेशानुसार जिलों के मध्य समन्वय के लिए संभागायुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। कट्रोल रूम 3 दिसंबर को प्रात: 7 बजे से कार्य समाप्ति तक के लिए स्थापित किया गया है।

## बदलाव के साथ रिश्तों में मधुरता, सामन्जस्य से तालमेल बनाए रखना ही संबंधों की सफलता है: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** दूसरा-दूसरा ही है इसलिए उससे दुख होता है और आत्मा आत्मा ही है इसलिए उसे सुख होता है, इसलिए महात्मा आत्मा के लिए ही उद्धम करते हैं जैसे अग्नि ईंधन को जला डालता है इस तरह आत्मा में पैदा हुआ परम आनंद अनादि काल से चले आ रहे कर्मों को जला देता है और योगी बाहरी दुखों के परिषह उपसर्ग संबंधी क्लेशों से खेद को प्राप्त नहीं होता है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा अगर आप किसी को सुखी नहीं कर सकते हो, तो कभी दुखी मत करना। समय परिवर्तनशील है, परिवर्तन प्रत्येक वस्तु का धर्म है, जब परिवर्तन अर्थात बदलाव अनिवार्य रूप से होता है तब रिश्तो में, परिवार में, दोस्ती में, प्रेम वात्सल्य और सोच विचार में बदलाव होगा ही, इस बदलाव के साथ रिश्तों में मधुरता, सामन्जस्य से तालमेल बनाए रखना ही संबंधों की सफलता है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कर्म किसी का सगा नहीं होता, हंसते-हंसते कर्म बंधते हैं और रोते-रोते कर्म काटने पड़ते हैं। अशुभ कर्म अर्थात पाप कर्मों से बचो और पुण्य कर्म, मतलब धार्मिक क्रियाओ में अपने आप को लगाओ। हर जीव पुण्य पाप कर शुभ और अशुभ कर्मों का आश्रव कर रहा है। मनुष्य सदैव श्रेष्ठ कार्यों में समय दे और अपनी शक्ति को कर्म काटने में लगाए तो अवश्य ही पाप कटेंगे और पुण्य बढ़ेगा। पुण्य के बल पर ही समस्त संसार की भौतिक संपदा व आध्यात्मिक निधियां प्राप्त होती हैं।



## नि: शुल्क शतरंज प्रशिक्षण कल

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण 26 नवम्बर रविवार सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन सागर में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 10 से 12 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जाएगा और प्रशिक्षण विनीता राजपूत पूर्व आरसीसी गोपालगंज अध्यक्ष सागर के मुख्य आथिय में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षों में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

# लगातार दो दिनों में 2 नाबालिक बालिकाओं के अपहरण से मचा हड़कंप

### एक मामले का आरोपी गिरफ्तार दूसरे की तलाश जारी, घटना को लेकर लोगो में आक्रोश, कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

**जैसीनगर, देशबन्धु।** जिले के जैसीनगर थाना अंतर्गत लगातार दो दिनों में नाबालिक बालिकाओं के अपहरण के मामले सामने आने से हड़कंप मच गया। दोनों मामले में दोनो बच्चियों को सकुशल मिल गई एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है जबकि दूसरे मामले का आरोपी अभी फरार है जिसे 3 थानो की पुलिस तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को 8 साल की नाबालिक दूध लेने के लिए जा रही थी इसी बीच बाइक सवार जबरन उसे बाइक पर बैठाकर ले गया और जैसीनगर से 1 किलोमीटर दूर किसी तरह हुआ बच्ची छुड़ाकर भागी तभी रास्ते में बाइक लेकर आ रहे व्यक्ति को देखकर आरोपी भाग गया और बालिका को बचा लिया गया, मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायालय पेश किया गया है। इस घटना के दूसरे दिन गुरुवार शाम को 7 साल की बच्ची घर के पास में ही शौच लिए गई थी तभी उसे एक व्यक्ति उठाकर ले गया, सूचना पर जैसीनगर थाना प्रभारी संदीप तोमर ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर क्षेत्र की घेराबंदी की वहीं मामले में बच्ची सकुशल मिल गई है लेकिन आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश जा ही है। जैसीनगर टीआई संदीप तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों मामलों में आरोपियों पर अपहरण सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है वहीं दूसरे मामले में आरोपी की पहचान कर ली गई है जिसकी गिरफ्तारी शीघ्र कर ली जाएगी। घटनाओं के सामने आने के बाद लोगों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है वही मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है, साथ ही थाने में पुलिस बल सहित नगर में पुलिस की गस्त बढ़ाने की मांग की है। इस अवसर पर विक्रम सिंह राजपूत, विनोद यादव, प्रभु मिश्रा, अमोल घोषी, राजू राजपूत, पवन श्याम तिवारी, अशोक घोषी, प्रमोद परासिया, तुलसीराम घोषी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।